बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 19 जून 2026 | दिन - शुक्रवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 142 | मूल्य - 5 रुपये












# झारखंड राज्यसभा चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवार परिमल नाथवानी की जीत

## क्रास वोटिंग से कांग्रेस को बड़ा झटका..



रांची।

*राज्यों में राज्यसभा की 3 सीटों के लिए आज वोटिंग हुई, जिसमें झारखंड की 2 सीट और मिजोरम की 1 सीट शामिल है। झारखंड की 2 सीटों पर 3 उम्मीदवार थे तो वहीं, मिजोरम की 1 सीट पर 2 उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी ठोंकी थी। रिजल्ट आया तो झारखंड राज्यसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा यानी*

झामुमो का 1 उम्मीदवार जीता और निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी भी विजयी हो गए हैं। सबसे दिलचस्प मुकाबला झारखंड में था, जहां झामुमो की ओर से बैद्यनाथ राम ने ताल ठोंकी थी। हालांकि, उनकी जीत तय थी क्योंकि झामुमो के पास 34 वोट थे यानी जरूरी 28 वोट से 6 वोट ज्यादा। तो वहीं टक्कर कांग्रेस के प्रणव झा और भाजपा समर्थित निर्दलीय परिमल नाथवानी के बीच थी। कांग्रेस के पास अपने 16 वोट थे और उसे जीत के लिए 12 वोट की जरूरत थी। ऐसे में कांग्रेस को झामुमो के 6 एक्स्ट्रा वोट, आरजेडी के 2 वोट और लेफ्ट के 4 वोटों के भरोसे थी। लेकिन ये वोट कांग्रेस उम्मीदवार को नहीं मिल पाए।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, 'झारखंड से राज्यसभा के चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवानी को जीत की बधाई , उन्हें कुल 28 मत मिले। कांग्रेस प्रत्याशी को केवल 20, महागठबंधन बुरी तरह हारा।' झारखंड राज्यसभा चुनाव में झामुमो उम्मीदवार बैद्यनाथ राम और भाजपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी जीते गए हैं।

भाजपा उम्मीदवार को 31 वोट मिले और परिमल नाथवानी ने 28 वोट हासिल किए। कांग्रेस उम्मीदवार जरूरी 28 वोट हासिल नहीं कर पाया। मतगणना के दौरान कुल तीन मतों को रद्द कर दिया गया, जबकि तीन मतों को होल्ड पर रखा गया है। इन मतों को लेकर चुनाव अधिकारियों की तरफसे आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

इससे पहले, गुरुवार को विधानसभा परिसर में मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। राज्यसभा चुनाव में विधानसभा के सभी 81 विधायकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे सदन में 100 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।


मतदान प्रक्रिया विधानसभा के कमरा संख्या-42 में आयोजित की गई थी। मतदान के दौरान, सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी विधायकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंतिम मतदाता के रूप में छ्रूरू विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने अपना वोट डाला, जिसके साथ ही मतदान प्रक्रिया संपन्न हो गई। झारखंड विधानसभा में विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देखिए स्वाभाविक है कि सबसे पहले तो एनडीए गठबंधन के सभी नेताओं को, विधायकों को और साथ ही उन तमाम 81 विधायकों को भी हमारी ओर से बहुत-बहुत बधाई, क्योंकि जिस प्रकार से नाथवानी को 28 वोट मिले और प्रथम ही वरीयता में जो जानकारी मिली है कि उनकी जीत सुनिश्चित हो गई। तो इससे आप समझ सकते हैं झारखंड के जो मतदाता हैं, खासकर हमारे जो विधायक हैं, काफी सुलझे हुए हैं, काफी समझदार हैं। उनको पता है कि राज्य हित में किनको वोट देने से इस राज्य के हित में होगा।

# फ्रांस स्लोवाकिया की यात्रा कर पीएम मोदी स्वदेश रवाना

**पेरिस, (भाषा)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस और स्लोवाकिया की अपनी यात्रा पूरी करने के बाद बृहस्पतिवार को नयी दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इस यात्रा के दौरान उन्होंने जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया और कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ÷फ्रांस की यह यात्रा बातचीत और नतीजों के लिहाज से बहुत सार्थक रही। इसकी शुरुआत नीस में 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम से हुई, इसके बाद जी7 के लिए एवियॉन और फिर पेरिस में कार्यक्रम हुए, जहां मैंने 'विवाटेक 2026' और एक सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित किया, साथ ही सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारियों) से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा, मैं अपने मित्र राष्ट्रपति मैक्रों, फ्रांस सरकार और वहां के लोगों का गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए विशेष रूप से आभारी हूं। आने वाले समय में भारत-फ्रांस मित्रता और मजबूत होगी। इससे पहले, मोदी ने भारतवंशियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया के लिए एक विश्वसनीय साझेदार÷ के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि यह भारत की यात्रा का एक निर्णायक दौर है, जहां देश की आकांक्षाएं नयी ऊंचाइयों को छू रही हैं। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ÷भारतवंशियों से बातचीत करना हमेशा खास होता है और 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक उपलब्धियों को सामने रखना गर्व की बात है। मोदी मंगलवार और बुधवार को जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस के एवियॉन शहर में थे, जहां भारत को अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया गया था। जी-7 सम्मेलन के दौरान मोदी ने कई विश्व नेताओं से मुलाकात की, जिनमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर शामिल थे। इससे पहले मोदी ने स्लोवाकिया की ÷ऐतिहासिक÷ यात्रा पूरी की। मोदी स्लोवाकिया की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं।




## शिवसेना (उबाठा) के बागी सांसद आज शिंदे पार्टी में शामिल नहीं होंगे : सूत्र

**मुंबई, (भाषा)** शिवसेना (उबाठा) के छह बागी सांसद शुक्रवार को पार्टी के 60वें स्थापना दिवस पर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल नहीं होंगे। इनके शिवसेना में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री शिंदे के नेतृत्व वाला गुट, दोनों ही शुक्रवार को अविभाजित शिवसेना का स्थापना दिवस मनाएंगे। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि शिवसेना (उबाठा) के छह सांसद इस अवसर पर शिंदे नीत शिवसेना में शामिल होंगे। 'व्हिप' जारी होने के बावजूद इन सांसदों ने अपनी पार्टी की बैठक में हिस्सा नहीं लिया था। लेकिन सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को ये सांसद शिंदे नीत पार्टी में शामिल नहीं होंगे।















विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# शिमला में भीषण भूस्खलन, घूमने जाने से पहले ये मंजर देख लीजिए; ढह गया पूरा पहाड़..



डेस्क जगप्रेरणा।

*हिमाचल प्रदेश में मॉनसून की एंट्री से पहले आंधी-बारिश की गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। इस बीच, राजधानी शिमला में गुरुवार को ढली-संजौली बाईपास पर अचानक पहाड़ दरकने से भीषण भूस्खलन हो गया, जिसका वीडियो सामने आया है।*

वीडियो में देखा जा सकता है कि एक पहाड़ी का बड़ा हिस्सा ताश के पत्तों की तरह ढह रहा है। इस भीषण भूस्खलन के कारण भारी मात्रा में मलबा और चट्टानें मुख्य सड़क पर आ गिरीं, जिससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। गनीमत रही कि हादसे के वक्त कोई वाहन इसकी चपेट में नहीं आया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और संबंधित विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं। सड़क से मलबे और पत्थरों को हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। हालांकि, पहाड़ी से लगातार रुक-रुक कर गिर रहे मलबे के कारण राहत कार्य में बाधा आ रही है। मार्ग बंद होने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे दैनिक यात्रियों और पर्यटकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### वैकल्पिक मार्गों का करें इस्तेमाल..

शिमला पुलिस ने स्थिति देखते हुए स्थानीय लोगों और पर्यटकों से अपील की है कि वे फ्लिहाल ढली-संजौली बाईपास की ओर जाने से बचें और अपने गंतव्य के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। इसके साथ ही, प्रभावित क्षेत्र में तैनात यातायात पुलिसकर्मियों के निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा गया है। प्रशासन का कहना है कि मार्ग पूरी तरह सुरक्षित होने के बाद ही इसे दोबारा खोला जाएगा और इसकी जानकारी तुरंत सार्वजनिक की जाएगी।

### दिल्ली बाईपास पर भी मंडरा रहा खतरा..

दूसरी ओर, बारिश का मौसम शुरू होते ही पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन का खतरा बढ़ने लगा है। दिल्ली बाईपास के समीप भी पहाड़ से लगातार पत्थर और मलबा गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं। सड़क किनारे स्थित पहाड़ी हिस्से में दरारें दिखाई देने लगी हैं,

जिससे किसी बड़े भूस्खलन की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में पहले भी कई बार पहाड़ दरकने की घटनाएं हो चुकी हैं। पहाड़ी के नीचे और आस-पास स्थित बहुमंजिला भवनों पर भी खतरा मंडरा चुका है। विशेषज्ञों के अनुसार, बरसात के दौरान जमीन में नमी बढ़ने से पहाड़ की स्थिरता प्रभावित होती है, जिससे चट्टानों और मिट्टी के खिसकने का जोखिम बढ़ जाता है।

# चलते डंपर से हाईवे पर गिरी बजरी और पत्थर, यूपी पुलिस ने खुद फावड़े से साफ किया रास्ता..




डेस्क जगप्रेरणा।

*ग्रेटर नोएडा में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर अचानक एक चलते डंपर से बजरी और पत्थर गिर गए। इससे हाईवे पर काफी दूर तक लाल रंग के पत्थर फैल गए, जिससे वाहनों की गति धीमी हो गई और दुर्घटना का खतरा बढ़ गया।*

सुबह के समय कुछ डंपर पेरीफेरल हाईवे से गुजर रहे थे। इसी दौरान एक डंपर का जैक अचानक ऊपर उठ गया, जिससे बजरी और पत्थर सड़क पर बिखर गए। इस घटना की सूचना मिलते ही दादरी थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे।

उन्होंने देखा कि पत्थरों के कारण किसी वाहन के फिसलने से हादसा हो सकता है। पुलिसकर्मियों खुद ही ने जेसीबी की मदद से और फावड़े तथा हाथों से बजरी को इकट्ठा करना शुरू कर दिया, जिसमें उनके इस कदम का वीडियो भी सामने आया है।

### जेसीबी के आने तक खुद सड़क से पत्थरों को हटाया..

डंपर से हाईवे पर गिरी बजरी और पत्थर को हटाने के लिए यूपी पुलिस ने जेसीबी के आने तक खुद सड़क से पत्थरों को हटाया। वहीं इसके बाद जेसीबी मशीन के आते ही पत्थरों को पूरी तरह हाईवे से हटा दिया गया। पत्थर हटने के बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका। हाईवे पर अचानक बजरी और पत्थर गिरने से कई गाड़ियां बार-बार आपस में टक्कराने से बची तो वहीं जबकि कुछ गाड़ियों के टायर भी पंचर हो गए।

### पुलिस ने पंचर बनाने वाली गाड़ी बुलाकर की मदद..

हाईवे पर बजरी और पत्थर गिरने से कुछ गाड़ियां जो पंचर हो गई थी उसके लिए यूपी पुलिस ने पंचर बनाने वाली गाड़ी बुलाकर उनकी भी मदद की। ये पूरा मामला दादरी थाना क्षेत्र के चकसेनपुर के पास का है। इस पूरी घटना को लेकर दादरी थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें सुबह ईस्टर्न पेरीफेरल हाईवे पर चकसेनपुर के पास डंपर से लाल बजरी और पत्थर फैलने की सूचना मिली थी। उन्होंने तुरंत अपनी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर कोई हादसा न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए बजरी को तत्काल हटाने का आदेश दिया। जेसीबी और पुलिसकर्मियों की मदद से बजरी को तीव्र गति से हटाया गया, ताकि यातायात बाधित न हो और जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433

# सीमा पार अवैध हथियार तस्करी गिरोह से जुड़े आठ लोग अमृतसर में गिरफ्तार..




जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*पंजाब पुलिस ने सीमापार अवैध हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए आठ लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 11 अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद की हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बरामद हथियारों में चार .30 बोर (चीन निर्मित), चार पीएक्स5 स्टॉर्म (.30 बोर), एक जिगाना (.30 बोर), एक 9एमएम ग्लॉक (ऑस्ट्रिया निर्मित) और एक 9एमएम (ऑस्ट्रिया निर्मित) पिस्तौल शामिल हैं। साथ ही आठ कारतूस भी बरामद किए गए हैं।*

यादव ने प्रारंभिक जांच का उल्लेख करते हुए बताया कि आरोपी अवैध हथियारों की आपूर्ति में शामिल सीमापार से संचालित गिरोह संपर्क में थे। उन्होंने कहा कि ये हथियार अपराधियों को उपलब्ध कराने और वसूली, हिंसक अपराधों तथा अन्य अवैध गतिविधियों में उपयोग के लिए मंगाए गए थे। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने तथा बरामदगी व गिरफ्तारियों के लिए मामले में जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियां इस गिरोह के संपर्कों का पता लगाने में जुटी हैं।

अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि सबसे पहले आरोपी गुलाबजीत उर्फप्रिंस और हरप्रीत उर्फप्रीत को गिरफ्तार किया गया। भुल्लर ने बताया कि आगे की जांच के दौरान पुलिस ने एक अन्य आरोपी गुरप्रीत उर्फ गोपी को गिरफ्तार किया और उसके बयान के आधार पर उसके दो साथी कुलजीत सिंह तथा शमशेर उर्फशेरा को भी हिरासत में ले लिया गया। भुल्लर ने कहा कि पूछताछ के दौरान गुरप्रीत ने कथित रूप से खुलासा किया कि वह सोशल मीडिया ऐप के जरिए विदेश में बैठे एक गैंगस्टर के संपर्क में था और वही व्यक्ति अटारी सेक्टर के विभिन्न स्थानों पर ड्रोन के माध्यम से अवैध हथियारों की खेप की व्यवस्था कर रहा था।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने दो अन्य आरोपियों अमन राणा उर्फ चीनी तथा शरणजीत उर्फ सनी को भी गिरफ्तार कर लिया आरोपियों के बयानों के आधार पर पुलिस ने बाद में अजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अमृतसर के अटारी गांव निवासी गुलाबजीत सिंह (21) और हरप्रीत सिंह (23), गुरदासपुर के कलानौर स्थित रदोवाल गांव निवासी गुरप्रीत सिंह (24), अमृतसर के रानियां गांव निवासी कुलजीत सिंह (39) और शमशेर सिंह (40), अमृतसर के छेहरटा निवासी अमन राणा (20), अमृतसर के किरालगढ़ गांव निवासी शरणजीत सिंह (29), तथा तरनतारन के मलिया गांव का निवासी अजय सिंह (23) है।

# देहरादून में जुआ खेलते अमेरिकी नागरिक समेत 13 गिरफ्तार..




जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के राजपुर क्षेत्र में एक मकान पर छापा मारकर पुलिस ने एक अमेरिकी नागरिक सहित 13 लोगों को जुआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।*

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से ताश की गड्डी के अलावा 1,52,870 रुपये तथा 41 अमेरिकी डॉलर बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर छापे की यह कार्रवाई की गयी।छापेमारी के दौरान पुलिस को मकान के एक कमरे में चार मेजों पर जुआ खेल रहे एक अमेरिकी सहित 13 व्यक्ति मिले जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध राजपुर पुलिस थाने में जुआ अधिनियम की धारा 3/4/5 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में तासी दाण्डो (67) भी शामिल हैं जो अमेरिका के ओरेगन के रहने वाले हैं और फ्लिहाल देहरादून की तिब्बती कॉलोनी में रह रहे हैं। अन्य आरोपियों की पहचान हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के तेनजिन छोगे (46), देहरादून के तेनजिंग निमा (51), पेमा वन्सु (59), फुखु सिरिगं (51), सिरीगं फुसंको (41), तेनजिगं (53), डी. फुर्सत (42), श्रृंग धुन्धो (41), योटीन जासू (54), धारगिल (65), धुन्डुप (56) तथा गैलसिगं (47) के रूप में हुई है।

# दिल्ली में मुठभेड़ के बाद दो नाबालिग शूटर गिरफ्तार, हत्या का मामला सुलझा..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*दिल्ली पुलिस ने दयालपुर इलाके में एक व्यक्ति की हत्या में कथित तौर पर शामिल दो नाबालिग शूटर को संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पकड़ लिया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, अनवर ठाकुर-हारून गिरोह से जुड़े नाबालिगों को बुधवार देर रात पकड़ा गया। आरोप है कि उन्होंने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में उस्मानपुर-वज़ीराबाद रोड के पास उन्हें रोकने की कोशिश कर रही पुलिस टीम पर गोलीबारी की थी।*

पुलिस ने बताया कि ये दोनों दयालपुर इलाके में 15 जून को राशिद नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या के मामले में वांछित थे। इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर अपराध शाखा ने जाल बिछाया और बुधवार रात 11:05 बजे मोटरसाइकिल पर जा रहे संदिग्धों को रुकने का इशारा किया। अधिकारी ने कहा, ÷घिर जाने पर आरोपियों ने कथित तौर पर पिस्तौल निकाली और पुलिस टीम पर गोली चलाई। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए संदिग्धों के पैरों पर गोली मारी , जिसके बाद दोनों को काबू में कर हिरासत में ले लिया गया।'

पुलिस ने बताया कि यह हत्या उत्तर पूर्वी दिल्ली में सक्रिय हारून गिरोह और उसके विरोधी नसीम दुर्रानी गिरोह के बीच लंबे समय से चल रही दुश्मनी का नतीजा थी। पुलिस के मुताबिक, राशिद कथित तौर पर गैंगस्टर दुर्रानी और उसके आपराधिक नेटवर्क से जुड़ा हुआ था।

गैंगस्टर हारून के करीबी सहयोगी राजा मेवाती की हाल में हत्या के बाद यह दुश्मनी और बढ़ गई थी। अधिकारी ने कहा, 'हारून गिरोह के सदस्यों को शक था कि राजा मेवाती की हत्या की साज़िश में राशिद का हाथ था और उन्होंने बदला लेने के लिए उसकी हत्या करने का षडयंत्र रचा।' पुलिस ने पकड़े गए नाबालिगों के पास से दो अर्द्ध स्वचालित पिस्तौल, पांच कारतूस और कारतूस के तीन खोखे बरामद किए। मामले की जांच की जा रही है।

# दिल्ली में घरेलू कलह के बाद पत्नी की चाकू गोदकर हत्या, पुलिस ने आरोपी पति को मुंबई से किया गिरफ्तार..



डेस्क जगप्रेरणा।

*देश की राजधानी दिल्ली के शाहदरा इलाके से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। घरेलू झगड़े बाद एक पति ने अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी। पत्नि की हत्या करके आरोपी पति फरार हो गया था।*

दिल्ली पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों के द्वारा गुरुवार के दिन इस मामले का खुलासा किया गया।

### कमरे मिला था महिला का शव..

पुलिस के अनुसार, 13 जून को कैलाश नगर स्थित निवास में संदिग्ध परिस्थितियों में एक शव मिला। जिसकी पहचान रुखसार (30 वर्ष) के रूप में हुई। शव को कब्जे में लेने के बाद स्थानीय पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने जब घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो उसमें मृतका का पति खालिद नवी घटना के तुरंत बाद घर से निकलता हुआ दिखाई दिया। शक पुख्ता होने के बाद पुलिस ने आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी। खालिद घटना को अंजाम देने के बाद फरार था और किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल माध्यम का इस्तेमाल नहीं कर रहा था, ताकि पुलिस उसे ट्रैक न कर पाए।

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ÷इसके बाद हमने खुफ्यिा जानकारी और जमीनी स्तर पर व्यापक जांच-पड़ताल का सहारा लिया। जांच से पता चला कि आरोपी के तार उत्तर प्रदेश के बदायूं, कर्नाटक के हुबली, मुंबई और गोवा से जुड़े थे। पुलिस टीम को इन जगहों पर भेजा गया और साथ ही दिल्ली में भी तलाशी अभियान चलाया गया।÷ लगातार तीन दिनों की कोशिशों और अलग-अलग राज्यों की पुलिस के बीच तालमेल के बाद आरोपी के अपने भाई के संपर्क में होने का एक अहम सुराग मिला। पुलिस ने 16 जून को उसे मुंबई में ढूंढ निकाला, जहां वह अपनी पहचान छिपाने की कोशिश कर रहा था।

### पुछताछ में कबूला जुर्म..

पूछताछ के दौरान खालिद ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी रुखसार से लगभग 15 साल पहले हुई थी और उनके तीन बच्चे भी हैं। उसने कथित तौर पर बताया कि पिछले एक साल से जारी वैवाहिक झगड़ों और इस शक के कारण कि उसकी पत्नी का किसी और व्यक्ति के साथ संबंध है, उनके बीच अक्सर बहस होती रहती थी। अधिकारी ने बताया, 'घटना वाले दिन, जब वह उससे सुलह करने की कोशिश कर रहा था तो उनके बीच बहस हो गई। इसके बाद उसने कथित तौर पर चाकू से पत्नी पर हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद वह दिल्ली से भाग गया और बिना टिकट कई ट्रेनों में सफर करते हुए मुंबई पहुंचा।' पुलिस ने बताया कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने भाई से मदद लेने की योजना बना रहा था। उन्होंने बताया कि खालिद को पहले भी एहतियाती कार्रवाई के तहत छह बार गिरफ्तार किया जा चुका है।

# अभिनेता अक्षय कुमार ने माता वैष्णो देवी मंदिर में पूजा अर्चना की..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित प्रतिष्ठित श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।*

अधिकारियों ने बताया कि कुमार इस तीर्थयात्रा के आधार शिविर कटरा पहुंचे, जिसके बाद वह प्रार्थना करने के लिए पवित्र गुफा मंदिर की ओर रवाना हुए। अभिनेता के इस दौरे को लेकर श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों में काफी उत्साह देखा गया। इस फिल्मी सितारे की एक झलक पाने की उम्मीद में कई लोग मार्ग और मंदिर परिसर के आसपास एकत्र हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि कुमार ने पवित्र गुफा मंदिर में माथा टेका और वापसी से पहले कुछ समय प्रार्थना करने में बिताया। उनका यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब आगामी वार्षिक अमरनाथ यात्रा और मौजूदा गर्मियों की छुट्टियों के मौसम के कारण देश भर से तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ मंदिर पहुंच रही है।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

प्रो.पियुष सिंह बैस
फ़ैशन की दुनिया में धमाका
फैशन फैक्ट्री
For Boys & Girls
टी शर्ट, स्पोर्ट्स ट्रेक सूट, वूडी, वॉच, बेल्ट, कैप, फैशनेबल मफलर, मंकी कैप, गॉगल्स (सन ग्लास), इर्रीग, चैन, की चैन, वॉलेट, परफ्यूम, फैंसी लायटर
दीप प्लाईवुड के बाजू में, महावीर चौक, मेन रोड, बालाघाट (म.प्र.), मो.8827333882

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# बरघाट पुलिस द्वारा विक्रय हेतु अवैध शराब परिवहन करने वाले आरोपियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही..



जगप्रेरणा सिवनी।

*पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा द्वारा जिले में संचालित अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण एवं वैधानिक*

कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में दिनांक 17/06/2026 को बरघाट पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक मोटरसाइकिल में दो व्यक्ति मानेगांव की ओर से काफी मात्रा में अवैध शराब विक्रय के आशय से लेकर बरघाट की ओर आ रहे हैं।

उक्त सूचना प्राप्त होने पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बरघाट ललित गठरे द्वारा थाना प्रभारी बरघाट को पुलिस स्टाफ सहित तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी बरघाट निरीक्षक मोहनीश बैस के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मानेगांव रोड स्थित चीरघर के पास घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहन की प्रतीक्षा की गई। कुछ समय पश्चात मानेगांव की ओर से एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति प्लास्टिक की बोरी रखे हुए आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों व्यक्तियों ने मोटरसाइकिल मोड़कर भागने का प्रयास किया, जिन्हें पुलिस द्वारा हिकमत अमली से रोक लिया गया।

मोटरसाइकिल में रखी बोरी की तलाशी लेने पर उसके अंदर प्लास्टिक की पॉलिथीन में हाथ भट्टी निर्मित महुआ की कच्ची शराब रखी मिली। पूछताछ करने पर मोटरसाइकिल चालक ने अपना नाम पिकेश कुमरे पिता बकेसी कुमरे, उम्र 24 वर्ष तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम मुकेश परते पिता प्रहलाद परते, उम्र 23 वर्ष, दोनों निवासी ग्राम अखीवाड़ा, थाना बरघाट, जिला सिवनी होना बताया। गवाहों की उपस्थिति में आरोपियों के कब्जे से 15-15 लीटर क्षमता की 04 कुप्पियों में भरी कुल 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी महुआ कच्ची शराब, जिसकी कीमत लगभग 6,000 रुपये है, जप्त की गई। साथ ही अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक एम.पी. 22 जेड.डी. 2380 एवं 02 नग एंड्रॉइड मोबाइल फोन जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया। आरोपीगणों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई।

## गिरफ्तार आरोपीगण..

पिकेश कुमरे पिता बकेसी कुमरे, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम अखीवाड़ा, थाना बरघाट, जिला सिवनी, मुकेश परते पिता प्रहलाद परते, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम अखीवाड़ा, थाना बरघाट, जिला सिवनी।

## जप्ती सामग्री..

60 लीटर अवैध हाथ भट्टी महुआ कच्ची शराब, कीमत लगभग 6,000 रुपये, मोटरसाइकिल क्रमांक एम.पी. 22 जेड.डी. 2380, कीमत लगभग 44,000 रुपये, 02 नग एंड्रॉइड मोबाइल फोन, कीमत लगभग 20,000 रुपये।

## सराहनीय कार्य

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बरघाट निरीक्षक मोहनीश बैस, उपनिरीक्षक राहुल काकोड़िया, सहायक उपनिरीक्षक रामअवतार उहेरिया, प्रधान आरक्षक दीपक पवार एवं आरक्षक अनिल मर्सकोले का विशेष योगदान रहा।

# थाना आदेगांव पुलिस ने अमानत में खयानत करने वाले आरोपीगणों को किया गिरफ्तार..

## लाखों रुपये मूल्य के बिजली के तार बरामद..



जगप्रेरणा आदेगांव।

*पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी द्वारा अपराधों की रोकथाम हेतु हरसंभव प्रयास किये जाते रहे हैं, जिनके नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा अनुविभागीय*

अधिकारी पुलिस अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में थाना आदेगांव पुलिस द्वारा सक्रियता से कार्यवाही की जा रही है। प्रार्थी अर्जुन सिंह राजपूत पिता लक्ष्मण सिंह राजपूत, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम बचई, थाना मुंगवानी, जिला नरसिंहपुर द्वारा दिनांक 15. 06. 2026 को थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपीगणों द्वारा 08 ड्रम बिजली के एल्युमिनियम तार एवं 04 ड्रम 50 स्क्वेयर एमएम केबल तार का खुर्द-बुर्द कर गबन किया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना आदेगांव में अपराध क्रमांक 115/2026 धारा 316(2), 316(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दौरान विवेचना आरोपीगणों की तलाश एवं पतासाजी हेतु थाना स्तर पर अलग-अलग टीमों का गठन कर संभावित स्थानों पर लगातार तलाश की गई। तत्पश्चात दिनांक 16.06.2026 को संदेही आरोपीगण क्रमशः प्रमोद प्रसाद उर्फ बबलू पिता प्रदीप सिंह, उम्र 40 वर्ष, निवासी पति अम्बा, थाना जलडेगा, जिला सिमडेगा, राज्य झारखण्ड, टेकचंद पिता संतोष चन्द्रवंशी, उम्र 41 वर्ष, निवासी दतनी, थाना लखनवाड़ा, जिला सिवनी, अतुल पिता टेकसिंह राहंगडाले, उम्र 34 वर्ष, निवासी गोकलपुर, थाना अरी, जिला सिवनी को दस्तयाब कर घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपीगणों द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया तथा गबन की गई संपत्ति अपने अधिपत्य से जप्त कराई गई। प्रकरण में संपूर्ण वैधानिक कार्यवाही उपरांत आरोपीगणों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें उपजेल लखनादौन निरुद्ध किया गया है। प्रकरण में अन्य संदेहियों से पूछताछ की जा रही है।

## आरोपीगण..

प्रमोद प्रसाद उर्फ बबलू पिता प्रदीप सिंह, उम्र 40 वर्ष, निवासी पतिअम्बा, थाना जलडेगा, जिला सिमडेगा, राज्य झारखण्ड, टेकचंद पिता संतोष चन्द्रवंशी, उम्र 41 वर्ष, निवासी दतनी, थाना लखनवाड़ा, जिला सिवनी। अतुल पिता टेकसिंह राहंगडाले, उम्र 34 वर्ष, निवासी गोकलपुर, थाना अरी, जिला सिवनी

## विशेष भूमिका..

थाना प्रभारी उनि. आशीष धुर्वे एवं थाना आदेगांव स्टाफसराहनीय कार्य बलदेव श्रीवास्तव रजनीकांत दुबे प्रधान आरक्षक अमर बरकडे सरवन संदीप ओमप्रकाशकी सराहनीय भूमिका रही।

# 26 जून को मनाया जाएगा मोर्हरम यौमे आशूरा, इस्लामी नया साल शुरू..




जगप्रेरणा सिवनी।

*मरकज ए अहले सुन्नत व जमात से चाद की शरई शहादत दी जाने के बाद उर्दू तिथि 10 मोहर्रम यौमे आशूरा 26 जून दिन शुक्रवार को मनाया जाएगा, संपूर्ण प्रदेश में सिवनी जिला सहित पुरे*

देश में पूरी शान शौकत के साथ मोहर्रम का त्यौहार शांति पूर्वक इस्लामी परंपरा अनुसार मनाया जाएगा। सूफ़ी समाजिक कार्यकर्ता सूफी मंज़ूर रज़ा क़ादरी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया है कि मोहर्रम की 7 एव 9 मोहर्रम उर्दू तिथि को सवारी टिपारी शहर में गस्त करती है जों दरगाह खानकाह मजारों पर जातीं हैं और लोग अपनी-अपनी आस्था के मुताबिक मन्नत मुरादें मांगते हैं जबकी ताजिया दार हजरात ताज़ीया रखतें हैं.

जो यौमे आशूरा मोहर्रम की दस तारीख को ठंडे किये जातें हैं भगतसिंह वार्ड हड्डी गोदाम टिपू सुल्तान चौक पर ताजिया दारो का स्वागत सम्मान किया जाता है ताजिया मगली पेट हड्डी गोदाम अमन कालोनी चौहान कालोनी दरोगा मोहल्ला फ्तेहाशाह बाबा दरगाह सहित अन्य जगहों पर रखे जाते हैं , जबकि मोहर्रम की 7 तारीख को मुस्लिम अखाड़ों का पथ संचालन रोड सो होता है। एवं उर्दू स्कूल ग्राउंड काजी मोहल्ला ईमाम बाडा हड्डी गोदाम सहित मुस्लिम क्षेत्र में अखाड़ों का आयोजन किया जाता है। इस प्रकार छपारा बरघाट केवलारी घंसौर लखनादौन आदेगाव कुरई खवासा भोमा धनौरा शहर सिवनी मुस्लिम बहुल क्षेत्रों गांव ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय मोहर्रम पर्व यौमे आशूरा 10 मोहर्रम बड़े बड़े आयोजन किया जाता है उर्दू तिथि 1 मोहर्रम 17 जून से लेकर यौमे आशूरा मोहर्रम की दस तारीख तक अजीमुश्शान तकरीर प्रोग्राम दस रोज़ लंगर भंडारे शरबत छबिल वगैरह नौजवान ए मगलीपेट की जानिब से किया जाता है। पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैय वसल्लम की आल शहीद ए आजम हज़रत ईमाम हुसैन और उनकी शहादत पर जिक्र अशकार किया जाता है। गांधी वार्ड क़ादरी किराना स्टोर के सामने गरीब नवाज फाउंडेशन द्वारा तकरीर जलसे लंगर भंडारे शरबत छबिल वगैरह का भी इंतजाम रखा गया है इस तरह से शहर जिले में जगह जगह पर भंडारा लंगर शरीफ़का आयोजन होगा इस प्रोगाम में शिरकत करने की अपील की गई है।

## सूफ़ी मंज़ूर रज़ा क़ादरी..

सहित जिला अहले सुन्नत व जमात सुन्नी हनफी सूफी मुसलमानो से मोहर्रम पर्व त्यौहार कों अपने अपने क्षेत्रों में शांति पूर्वक इस्लामी परंपरा संस्कृति अनुसार मनाने की अपील की गई है एवं जिला पुलिस प्रशासन नगर पालिका परिषद विधुत विभाग से बिजली प्रकाश व्यवस्था साफ़ सफाई व्यवस्था पीने का पानी की व्यवस्था सभी प्रमुख दरगाह खानकाह मजारों मस्जिदों मुस्लिम क्षेत्रों में शासन प्रशासन द्वारा कराई जाने की अपील की गई है एवं पुलिस अधीक्षक से जिले में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिए विशेष निवेदन किया गया।

# श्री श्याम बाबा एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव भव्यता एवं श्रद्धा के साथ संपन्न..

जगप्रेरणा सिवनी।

*ऑरेंज सिटी कॉलोनी, गुरुकुल स्कूल के सामने स्थित नव निर्मित श्री श्याम मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय श्री श्याम बाबा एवं भगवान शिव परिवार के भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं*

आध्यात्मिक वातावरण के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 15 जून से 17 जून 2026 तक चले इस धार्मिक आयोजन में सिवनी सहित नागपुर, जबलपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा तथा आसपास के अनेक जिलों एवं ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और धर्म लाभ अर्जित किया।

महोत्सव के प्रथम दिवस विभिन्न वैदिक अनुष्ठानों, गणेश-गौरी पूजन, जलाधिवास, सुगंधाधिवास, हवन-पूजन एवं संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। संध्या बेला में भव्य श्रृंगार, दिव्य दरबार एवं भजन संध्या ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

द्वितीय दिवस अन्नाधिवास, फलाधिवास, हवन-पूजन एवं अन्य वैदिक विधानों के साथ भव्य कलश यात्रा एवं निशान यात्रा निकाली गई। यह यात्रा राम मंदिर शुक्रवारी से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई श्री श्याम मंदिर पहुंची। यात्रा में सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं ने कलश धारण किए तथा श्याम भक्तों ने निशान लेकर बाबा का गुणगान किया। आकर्षक झांकियों, बैंड-बाजों एवं डीजे के साथ निकली यात्रा ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया।

महोत्सव के अंतिम दिवस 17 जून को प्रातःकाल महाभिषेक, वैदिक मंत्रोच्चार एवं यज्ञ-हवन के बीच शुभ मुहूर्त दोपहर 12:15 बजे श्री खाटू श्याम बाबा एवं शिव परिवार के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। नागपुर के सुप्रसिद्ध वैदिक आचार्य पंडित श्री अजय जोशी जी के सान्निध्य में सम्पन्न इस अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर दिव्य दर्शन किए।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन विशाल भंडारे एवं प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। तीनों दिनों तक मंदिर परिसर भक्तों की भारी उपस्थिति से गुलजार रहा। भजन संध्याओं में विभिन्न ख्याति प्राप्त भजन गायकों द्वारा प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रखा।

महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में प्रस्तावित भव्य श्याम तोरण द्वार का भूमि पूजन भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर सिवनी के लोकप्रिय विधायक माननीय दिनेश राय 'मुनमुन' ने विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इस ऐतिहासिक क्षण का स्वागत किया। विधायक श्री राय ने अपने संबोधन में कहा कि श्री श्याम मंदिर सिवनी की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख केंद्र बनेगा तथा क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करेगा।

श्री श्याम परिवार समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मंदिर परिसर में अभी शिव मंदिर के गुंबज, रानी सती दादी, राधा-कृष्ण, सालासर बालाजी मंदिर, धर्मशाला, सत्संग हॉल, भोजन कक्ष एवं गौशाला सहित अन्य निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं, जिनके लिए भक्तों का सहयोग निरंतर प्राप्त हो रहा है।

समिति ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी श्रद्धालुओं, दानदाताओं, यजमानों, प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं सेवा में जुटे स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। समिति ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री श्याम बाबा की कृपा से यह मंदिर आने वाले समय में समूचे महाकौशल एवं विदर्भ क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

# देश की ख्यातिलब्ध शायरा, साहित्यकार डॉ.ज़ीनत एहसान कुरैशी 21 जून को गाडरवारा मे होगी सम्मानित



जगप्रेरणा सिवनी।

*विश्व प्रसिद्ध दार्शनिक ओशो रजनीश, महर्षि महेश योगी, प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा एवं तुअर की दाल के लिए जाना जाता है आगामी 21 जून को चेतना*

मध्य प्रदेश सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक एवं पर्यावरण संस्था द्वारा 18 वा वार्षिक साहित्यिक अधिवेशन एवं अखिल भारतीय साहित्य चेतना सम्मान 2026 का भव्य आयोजन पी.जी कॉलेज ऑडिटोरियम में दोपहर 2:00 बजे से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश भर के प्रसिद्ध साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा ।

इसी क्रम में पिछले 20 वर्षों से साहित्य सेवा के माध्यम से देश में अपनी पहचान बनाने वाली मध्य प्रदेश के सिवनी ज़िले की रहने वाली शायर डॉ. ज़ीनत एहसान कुरैशी को उनकी ग़ज़ल की पुस्तक 'तेरी याद में' को रूप राम जी सोनी स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।इस खबर से उनके तमाम साहित्यिक मित्रों में खुशी की लहर है वे सभी उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दे रहे हैं।

# यात्री बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर, छह लोग घायल

जगप्रेरणा सिवनी।

*जिले के बरघाट थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह यात्री बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। सिवनी-बालाघाट मार्ग पर बेहरई ग्राम के मोड़ पर हादसे में छह लोग घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 8 बजे हुई।*

कौशल यात्री बस और सिवनी की तरफजा रहे ट्रक के बीच भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि बस के अगले हिस्से को काफी नुकसान पहुंचा। टक्कर के बाद मौके पर यात्रियों में हड़कंप मच गया। हादसे में बस में सवार पांच यात्री और ट्रक चालक घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बरघाट के सिविल अस्पताल पहुंचाया।

## वाहनों को सड़क से हटाने की कार्रवाई शुरू..

घायलों की पहचान दीपक लिल्हारे, मनीष निमोसे, संदीप धुर्वे, कोमल चंद राहंगडाले, योगेश मडवे और दुर्गेश के रूप में हुई है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार सभी घायलों को प्राथमिक इलाज दिया गया है और उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही बरघाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाने की कार्रवाई शुरू की ताकि यातायात सुचारु रूप से चल सके।

## साइड सोल्डर को समतल करने की मांग..

बरघाट थाना प्रभारी मोहनीश बेस ने बताया कि बस और ट्रक की भिड़ंत में छह लोग घायल हुए हैं, जबकि कुछ अन्य को मामूली चोटें आई हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मोड़ पर वाहन नियंत्रण खोने और तेज रफ्तार के कारण दुर्घटना हुई हो सकती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चलेगा।

स्थानीय लोगों ने इस मार्ग के मोड़ों पर यातायात सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम करने, चेतावनी संकेतकों की संख्या बढ़ाने और सड़क किनारे साइड सोल्डर को समतल करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।







# अचानक चक्कर आया और संतुलन बिगड़ने से कुंए में जा गिरीं महिला..

जगप्रेरणा सिवनी।

*जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के ग्राम ईश्वरपुर में खेत में काम करते समय एक महिला कुंए में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।*

चक्कर आने के कारण यह हादसा हुआ। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम ईश्वरपुर निवासी राधाबाई कुलस्ते (पत्नी सुन्नूलाल कुलस्ते) गुरुवार सुबह करीब 11 बजे अपने पति के साथ खेत में कृषि कार्य कर रही थीं। खरीफसीजन की बुवाई के चलते किसान इन दिनों खेतों में व्यस्त हैं। बताया गया कि कुएं के पास काम करते समय राधाबाई को अचानक चक्कर आया और संतुलन बिगड़ने से वह कुंए में जा गिरीं।

हादसा होते ही खेत में मौजूद उनके पति सुन्नूलाल कुलस्ते और आसपास काम कर रहे ग्रामीणों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों की मदद से महिला को कुएं से सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना की सूचना डायल-108 एंबुलेंस सेवा को दी गई, जिसके बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर ले जायागया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने महिला का प्राथमिक उपचार किया। जांच के दौरान उनकी स्थिति गंभीर पाई गई, जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार, गिरने से महिला को गंभीर चोटें आई हैं।

इस घटना के बाद गांव में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि खेतों के आसपास खुले कुओं के पास सुरक्षा व्यवस्था न होने से ऐसी दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से खेतोंमें स्थित कुओं के आसपास सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है।

फिलहाल, राधाबाई कुलस्ते का जबलपुर में उपचार जारी है और चिकित्सक उनकी स्थिति पर लगातार निगरानी रख रहे हैं। परिजन उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण वितरण शिविर 22 से 26 जून तक..

जगप्रेरणा सिवनी।

*भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की अटल वयो अभ्युदय योजना अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत जिले के चयनित वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे।*

वर्ष 2025 में आयोजित मूल्यांकन एवं परीक्षण शिविरों में जिले के 916 वरिष्ठजनों का चयन किया गया था, जिन्हें अब विभिन्न शिविरों के माध्यम से सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 22 जून 2026 को स्मृति लॉन, बारापत्थर सिवनी में जिला स्तरीय शिविर आयोजित होगा, जिसमें सिवनी एवं कुरई क्षेत्र के हितग्राही शामिल होंगे। इसी तरह 23 जून को केवलारी, 24 जून को घंसौर, 25 जून को लखनादौन तथा 26 जून को बरघाट जनपद पंचायत में शिविर प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना द्वारा शिविरों के सफल संचालन को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारी सौपी है। उन्होंने सभी चयनित वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अपनी चयन पर्ची के साथ उपस्थित होकर योजना का लाभ प्राप्त करें।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# अर्थी सहित लाश लेकर कटंगी पहुंचे मृतक के परिजन, गौतम की दुकान के सामने लाश रख किया हंगामा..

### मृतक के परिजन बोले मोटरसाइकिल में नहीं मारुति वैन में सवार था हमारे परिवार का सदस्य

### मौके पर पहुंची कटंगी पुलिस और तहसीलदार





जगप्रेरणा कंटगी (बालाघाट)।

***बालाघाट जिले की कटंगी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत अगासी निवासी भरत लाल नेवारे 22 साल की 16 जून को सड़क दुर्घटना के दर्दनाक मौत हो गई घटना रामपायली थाना क्षेत्र में घाटी पहले घायल को वारा सिवनी अस्पताल ले जाया गया प्राथमिक उपचार के बाद***

बालाघाट जिला अस्पताल अस्पताल पहुंचते ही उसकी मौत हो गई वहीं मारुति वैन में सवार ड्राइवर को मामूली कर आई बालाघाट अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसकी लाश उसके परिजनों को सौंप दी गई वही मामले की जांच रामपायली पुलिस द्वारा की जा रही है मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया वहीं मृतक सावगी निवासी बबलू गौतम की कटंगी नगर में स्थित कृषि केंद्र की दुकान में काम किया करता था उसी के काम से ड्राइवर के साथ मारुति वैन से व्यापार के संबंध में रामपायली क्षेत्र की ओर 16 जून को सुबह 7:00 बजे निकाला था निकालने के करीब 1 घंटे बाद द्धद्ध दुर्घटना हो गई अर्थी लेकर कटंगी पहुंचे मृतक के परिजन किया हंगामा कटंगी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत अगासी निवासी भारत लाल नेवारे उम्र 22 साल की 16 जून को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी देर श्याम उसकी लाश को उनके घर में लाया गया रात हो जाने के कारण 17 जून को सुबह अंतिम संस्कार की पूरी तैयारी की गई फिर ना जाने अचानक क्या हो गया

उसके परिजन और गांव वाले मृतक की लाश को अर्थी सहित कंटगी लेकर बबलू गौतम के कृषि केंद्र वार्ड नंबर 11 वारा सिवनी रोड पहुचे और बबलू की दुकान के सामने लाश को रख दिया और मुआयजे की मांग करने लगे।

### परिजनों ने किया हंगामा बताया झूठी रिपोर्ट लिखाई गई

मृतक के परिजन लाश लेकर कटंगी पहुंचे और मुआवजे की मांग की और बताया कि बालाघाट पुलिस चौकी में गलत रिपोर्ट लिखी गई इस रिपोर्ट के आधार पर अखबार में समाचार भी प्रकाशित हुए हैं रिपोर्ट दर्ज कराई गई की मोटरसाइकिल से जा रहा था जंगली सूअर अचानक सामने आ गई जिसके चलते वहां विद्युत के पोल से टकरा गया बल्कि वहां मोटरसाइकिल से नहीं मारोती वैन से जा रहा था अपने मालिक बबलू गौतम के काम से ड्राइवर के साथ ड्राइवर गाड़ी चला रहा था और यहां बाजू में बैठा था।

### 3 घंटे चला हंगामा फिर हुआ अंतिम संस्कार

कंटगी लाश लेकर परिजन पहुंचे बबलू गौतम की दुकान के सामने लाश को रख दिया गया करीब 3 घंटे हंगामा चला हंगामा के बाद समझौता हुआ फिर परिजनों का गुस्सा शांत हुआ उसके बाद परिजनों ने लाश को अपने गांव आगासी ले गए और अंतिम संस्कार किया गया

### मौके पर पहुंचे तहसीलदार और थाना प्रभारी

कटंगी नगर में बबलू गौतम की दुकान के सामने मृतक की लाश को उसके परिजन और गांव वालों द्वारा लाकर रख दिया गया है यह जानकारी जब पुलिस और प्रशासन को लगी तो कटंगी तहसीलदार और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे समझाया गया काफी देर बाद मामला शांत हुआ कटंगी थाना प्रभारी ने कहा घटना घटी है मौत हुई है जो भी कानूनी प्रक्रिया है जरूर होगी परंतु यहां मामला यहां घटना कटंगी की नहीं रामपायली की है रामपायली पुलिस आगे कार्यवाही करेंगी

### मेरे काम से जा रहा था सड़क दुर्घटना में मौत हुई

कृषि केंद्र संचालक बबलू गौतम ने बताया कि मृतक मेरे ड्राइवर के साथ मेरे काम से जा रहा था अचानक मारुति वैन डिवाइडर से टकरा गई जैसे ही मुझे जानकारी लगी तो मैं तुरंत पहुंच घायल को वारा सिवनी ले जाया गया स्थिति बिगड़ने पर बालाघाट बालाघाट पहुंचने पर मौत हो गई मैंने अपनी उपस्थिति में मृतक का पोस्टमार्टम भी करवाया और शाम को उसकी लाश उसके घर लाई गई रात्रि 10:00 बजे तक मैं उनके परिवार के साथ भी बैठा रहा हूं।

# ग्राम पंचायत पौनियां में 20 जून को किया जायेगा मेधावी छात्र सम्मान समारोह का भव्य आयोजन..

जगप्रेरणा पौनियां।

***ग्राम पंचायत पौनियां में दिनांक 20 जून 2026 को प्रातः 11 बजे से बाजार चौक में 'मेधावी छात्र सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन करना तथा शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है।***

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रदान किया जाएगा। साथ ही समाज के प्रतिष्ठित नागरिक, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद एवं गणमान्य अतिथि विद्यार्थियों को सफलता के लिए प्रेरित करेंगे।

आयोजक श्री आलोक चौधरी एवं मित्र मंडली पौनियां ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मेधावी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाएं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करें।







## कार्यालय नगरपालिका परिषद वारासिवनी, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक/1711,1712/ लो.नि.वि/न.पा.प./2026 वारासिवनी दिनांकः 16.06.2026

### ।। निविदा आमंत्रण सूचना ।।

एतद् निम्नलिखित कार्य / सामग्री हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में समस्त पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों एवं शासकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से जिनकी अपनी स्वयं की संबंधित फर्म हो या निर्माता हो अथवा जो केन्द्र सरकार वा म.प्र. सरकार का अद्यतन रूप से बिक्री कर एवं आय कर भुगतान करते हों, से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

निविदा विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | क्रं. **2026_UAD _ 516333_1** दिनांक : 18.06. 2026 | **Supply of Tractor 45 HP ( 02 Nos) with Hydraulic Trolly as per Specification** एस्कार्ट कुबोटा लिमिटेड, सोनालिका, महिन्द्रा, जॉन डियर, पॉवरटेक आयशर एवं अन्य प्रतिष्ठित कंपनी मेक ट्रैक्टर एवं हाईड्रोलिक ट्रॉली में लगने वाले टायर अतिरिक्त | समयावधिः 02 माह लागतः 25,00,000/- | नि. प्र. मूल्यः 18,750/- **EMD: 5000/-** | 20.07.2026 |
| 02 | क्रं. **2026_UAD _ 516391_1** दिनांक : 18.06. 2026 | **Supply of Tractor Garbage Collector Cycle Rikshaw Weight Minimum 150 kg as per Specifications** | समयावधिः 01 माह लागतः 10,00,000/- | नि. प्र. मूल्यः 2,000/- **EMD: 10,000/-** | 20.07.2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन **https://mptenders.gov.in** की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद वारासिवनी

# जनजातीय महिलाओं ने रची आत्मनिर्भरता की मिसाल, जैविक संसाधन केंद्र से बढ़ रही आय और पहचान..

### कटंगी के चिरचिरा-टेकाड़ी में स्व-सहायता समूह की महिलाएं तैयार कर रही हैं जैविक खाद एवं कीटनाशक





जगप्रेरणा कटंगी।

***आत्मनिर्भर भारत और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में कटंगी विकासखंड के ग्राम चिरचिरा-टेकाड़ी की जनजातीय महिलाओं ने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।***

यहां स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित जैविक संसाधन केंद्र न केवल ग्रामीण आजीविका का सशक्त माध्यम बन रहा है, बल्कि किसानों को रसायनमुक्त खेती अपनाने के लिए भी प्रेरित कर रहा है। ग्राम चिरचिरा-टेकाड़ी में संचालित इस केंद्र में स्व-सहायता समूह की सभी सदस्य महिलाएं जनजातीय वर्ग से हैं। समूह की महिलाएं सामूहिक रूप से जैविक खाद, जैविक कीटनाशक तथा कृषि कार्यों में उपयोगी अन्य सामग्री का निर्माण कर रही हैं। इससे एक ओर किसानों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण जैविक उत्पाद उपलब्ध हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर महिलाओं की आय में भी वृद्धि हो रही है। समूह की महिलाओं ने बताया कि पहले वे केवल पारंपरिक घरेलू कार्यों तक सीमित थीं, लेकिन शासन की विभिन्न योजनाओं और विभागीय मार्गदर्शन से उन्हें आजीविका के नए अवसर मिले। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्होंने जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशक बनाने का कार्य शुरू किया। आज उनका केंद्र आसपास के किसानों के बीच पहचान बना चुका है और जैविक उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। जैविक संसाधन केंद्र में गोबर, गोमूत्र, नीम, जीवामृत तथा अन्य प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर विभिन्न प्रकार की जैविक खाद और कीटनाशक तैयार किए जाते हैं।

ये उत्पाद मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, फसलों की गुणवत्ता बढ़ाने तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। महिलाओं का कहना है कि इस कार्य से उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। समूह की आय बढने से उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है। साथ ही गांव की अन्य महिलाएं भी इस पहल से प्रेरित होकर स्वरोजगार गतिविधियों से जुड़ रही हैं। कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़े अधिकारियों के अनुसार जैविक संसाधन केंद्र प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे केंद्र किसानों को कम लागत में खेती करने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। ग्राम चिरचिरा-टेकाड़ी की जनजातीय महिलाओं की यह पहल साबित करती है कि यदि अवसर, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन मिले तो ग्रामीण महिलाएं न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे गांव के विकास की धुरी बन सकती हैं। उनका यह प्रयास आत्मनिर्भरता, महिला सशक्तिकरण और प्राकृतिक खेती का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है।

















## राजाभोज पर अनर्गल टिप्पणी के विरोध में बालाघाट में

# पवार समाज ने कंकर मुंजारे के निवास के सामने प्रदर्शन कर किया कंकर मुंजारे का पुतला दहन..

### पुतले को मारे जुते चप्पल भी, धार्मिक भावनाएं आहत करने के लिये पुलिस थाने में दर्ज की एफआईआर..

### पुलिस बल ने मौके पर संभाली स्थिति..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट में गर्रा ओवरब्रीज के लोकार्पण के अवसर पर हर बार की तरह इस बार भी गुणवत्ता पर सवाल खड़े करने के लिये पूर्व सांसद कंकर मुंजारे पहुंचे थे, लेकिन जहां उन्हें गुणवत्ता पर प्रश्न खड़े करने थे, मुंजारे ने ओवरब्रीज के नामकरण पर ही सवाल खड़े कर दिये, तथा उन्होंने राजा भोज का***

बालाघाट से क्या लेना देना, और राजा भोज का देश की आजादी में क्या योगदान?

जैसे प्रश्न खड़े करते हुए समाज विशेष को तवज्जा देने का आरोप लगाते हुए मानो पुरी तरह से पवार समाज का विरोध करते हुए उनके आराध्य राजाभोज पर अनर्गल टिप्पणी कर दी। इस टिप्पणी से बालाघाट जिले के अलावा पुरे देश में जहां भी पवार समाज निवास करता है, सभी के मन में कंकर मुंजारे के खिलाफ आक्रोश व्याप्त हो गया, तथा अनेक शहरों में कंकर मुंजारे के खिलाफ ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही करने के साथ ही आज बालाघाट मुख्यालय में पवार समाज ने एकजुट होकर कंकर मुंजारे के निवास के समक्ष प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की, एवं कंकर मुंजारे का पुतला दहन भी किया।





### बालाघाट कोतवाली में दर्ज हुआ कंकर मुंजारे के खिलाफ अपराध..

गौरतलब है कि कंकर मुंजारे के निवास के समक्ष प्रदर्शन करते हुए पवार समाज के आक्रोशित लोग राजा भोज पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कंकर मुंजारे के खिलाफ अपराध दर्ज कराने पुलिस थाना कोतवाली भी पहुंचे। थाना कोतवाली बालाघाट में एफआईआर क्रमांक 0400 /2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी ने बताया कि ग्राम गर्रा निवासी बालाघाट जिला पंवार समाज अध्यक्ष विशाल बिसेन ने शिकायत दर्ज कराते हुए 13 जून 2026 को बालाघाट में आयोजित ओवरब्रिज लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कंकर मुंजारे द्वारा राजा भोज के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर टिप्पणी का वीडियो एवं समाचार विभिन्न माध्यमों से प्रसारित होने के बाद पंवार समाज की धार्मिक एवं सामाजिक भावनाएं आहत होने का आरोप लगाते हुए कथित टिप्पणी के कारण समाज में व्यापक आक्रोश व्याप्त है तथा शांति, सद्भाव एवं सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न होने की स्थिति के चलते कंकर मुंजारे पर अपराध दर्ज करने की मांग की है, जिस पर थाना कोतवाली बालाघाट पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। पुलिस द्वारा मामले से संबंधित तथ्यों एवं उपलब्ध साक्ष्यों की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि पवार समाज द्वारा प्रदर्शन और पुतला दहन के उपरांत कंकर मुंजारे ने मीडिया को बयान देते हुए कहा कि मुझे अपने बयान को लेकर कोई अफसोस नहीं है। मैंने कोई गलत बात नहीं कही है, और पवार समाज को प्रदर्शन करना था तो मेरे घर के सामने प्रदर्शन करना उचित नहीं था, मुंजारे ने पवार समाज के प्रदर्शन को सुनियोजित और गौरीशंकर बिसेन का कारनामा करार दिया।

### नीम का पत्ता कड़वा है, कंकर मुंजारे भड़वा है..

गौरतलब है कि अपनी आवाज बुलंद करते हुए एक रैली के रुप में पवार समाज के युवा विशाल बिसेन के नेतृत्व में दोपहर करीब 1 बजे कंकर मुंजारे के निवास के सामने पहुंचे और जमकर नारेबाजी की, और माफी मांगने की बात भी कही। पवार समाज के लोगों ने नो लगाए कि नीम का पत्ता कड़वा है, कंकर मुंजारे भड़वा है। इस दौरान कंकर मुंजारे भी घर से बाहर आए तो प्रदर्शनकारी उनकी ओर बढ़े, ऐसा लगने लगा मानो कि अब दोनों के बीच टकराव होगा, लेकिन मौजूद पुलिसकर्मियों ने बीच में आकर स्थिति को संभाला और कंकर मुंजारे को उनके घर के अंदर भेज दिया गया। ज्ञात हो कि पुलिस के हस्तक्षेप के बाद प्रदर्शनकारियों ने पूर्व सांसद का पुतला दहन किया और सड़क पर बैठकर धरना शुरू कर दिया। पुतला दहन से पूर्व पवार समाज के लोगों ने कंकर मुंजारे के पुतले को जुते भी मारे। पंवार समाज के लोगों का कहना था कि राजाभोज के संबंध में दिए गए कथित बयान को लेकर कंकर मुंजारे सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।

### आखिर ये कौन सी राजनीति करने लगे कंकर मुंजारे..

गौरतलब है कि बालाघाट जिले की राजनीति में एक दौर था कि कंकर मुंजारे को दीन हिन जरुरतमंदों की आवाज बनते हुए देखा जाता था, लेकिन विगत दिनों से जिस तरह से कंकर मुंजारे की राजनीति का तरीका और बयानबाजी हो चली है, ऐसा प्रतीत होने लगा है कि मानो कंकर मुंजारे सिर्फ सुर्खियों में बने रहने के लिये तथा राजनीतिक द्वेष भावना से प्रेरित होकर आरोप प्रत्यारोप लगाने के आदि हो चुके हैं, तथा इस चक्कर में कंकर मुंजारे सहीं गलत भी नहीं देख पा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की राय में कंकर मुंजारे ने ओवरब्रीज के नामकरण में राजाभोज पर आपत्ती दर्ज कर सीधे तौर पर एक संपूर्ण समाज को ही अपना विरोधी बना डाला है, जबकि कंकर मुंजारे ओवरब्रीज की गुणवत्ता पर ही केन्द्रित रहते तो समाज विशेष इसे अपमान नहीं बता सकता था, लेकिन गौरीशंकर बिसेन से राजनीतिक द्वेष के चलते कंकर मुंजारे राजाभोज पर अनुचित टिप्पणी करने की भूल कर बैठे। यहां उल्लेखनीय है अपने राजनीतिक जीवन में कंकर मुंजारे ने हमेशा सिर्फ आरोप प्रत्यारोप की ही राजनीति की, तथा हर किसी को कटघरे में खड़े करते चले गए, जिसके कारण आज ना सिर्फ पवार समाज उनका विरोधी बना हुआ है, बल्कि अब लोधी समाज में भी मुंजारे के व्यवहार और कारनामों के कारण समाज के लोग मुंजारे से परहेज करने लगे हैं। हाल ही में कंकर मुंजारे ने अपने ही समाज के एक सेवाभावी अधिकारी के नदी किनारे तैयार हो रहे निवास पर ऊंगलियां उठाने का काम किया, और उस निर्माण कार्य को बिना सत्यता जाने नियम विरुद्ध निर्माण बता दिया, जबकि सच्चाई यह है कि सब कुछ नियम और कानुन के मुताबिक चल रहा है, तथा लोधी समाज के माननीय अधिकारी चूंकि शिक्षा की अलख जगाने के सराहनीय कार्य करते चले जा रहे हैं, इसलिये अब मुंजारे के मन में समाज के होनहार, संवेदनशील, कर्त्तव्यपरायण तथा अपने कार्यों से सर्व समाज के बीच लोकप्रिय होते चले जा रहे अधिकारी के प्रति भी ईर्ष्या के भाव उत्पन्न हो चुके हैं। जबकि यहां यह भी ध्यान देने योग्य है कि ईर्ष्याभाव में कंकर मुंजारे ने जब वीडियो बनाकर प्रसारित किया, तो उनके साथ वे लोग उस वीडियो में नजर आए जो स्वयं अवैध रेत उत्खनन और अवैधानिक कारोबार के आरोपी बताए जाते हैं, तब इस स्थिति में यह सवाल अवश्य पैदा होता है कि क्या अवैध धंधेबाजों की शह पर स्वच्छ चरित्रों पर आरोपों को थोपदेने से क्या मुंजारे स्वयं कटघरे में खड़े दिखाई नहीं देते।

### कब तक स्वयं ही नेतृत्व करते रहेंगे कंकर मुंजारे..

गौरतलब है कि कंकर मुंजारे अब उम्र के उस पड़ाव पर हैं, जहां उनसे कोई अपेक्षा नहीं की जा सकती, जबकि अपने राजनीतिक कार्यकाल में तीन बार विधायक और एक बार सांसद बनकर भी कंकर मुंजारे के कार्यकाल की उपलिब्धयां शून्य ही नजर आती है, तो फिर उनसे भला लोधी समाज और सर्व समाज भी क्या उम्मीदें लगा सकता है। इन्हीं परिस्थितियों के चलते विगत दिनों जब कंकर से अलग होकर अनुभा मुंजारे ने कांग्रेस का हाथ थामकर कदम आगे बढ़ाया तो यही कारण था कि लोधी समाज ही नहीं बल्कि सर्वसमाज ने अनुभा को एक मौका देना स्वीकार किया, लेकिन अनुभा से भी उम्मीदें अब निराशा में बदलने लगी है। अपने राजनीतिक जीवन काल में कंकर के साथ राजनीतिक प्रशिक्षण लेने वाली अनुभा मुंजारे भी सिर्फ नकारात्मक राजनीतिक का दामन थामकर आगे बढ़ती रही, और उनकी छांव में कार्यकर्ता भी स्वयं को ठगा महसुस करता रहा है, तथा राजनीतिक वर्चस्व खोकर बार बार चुनाव हारने के बाद भी कंकर मुंजारे अपने राजनीतिक तौर तरीकों में सुधार नहीं ला सके, जिसका परिणाम है कि उनकी राजनीतिक दिशा और दशा सुधरने की बजाए और खराब होती चली गई। एक तरफ राजा भोज को लेकर की गई उनकी टिप्पणी के चलते उनका विरोध प्रबल होने के साथ साथ बात अपराध दर्ज किये जाने तक पहुंच गई, तो वहीं एक कर्त्तव्यनिष्ठ अधिकारी के स्वच्छ चरित्र पर उंगलियां उठाकर कंकर मुंजारे ने ना सिर्फ पवार समाज बल्कि लोधी समाज को भी सोचने और विचार करने पर मजबूर कर दिया है।

## बालाघाट जिले की प्रथम महिला चिकित्सक

# डॉ. श्रीमती कुसुमलता शुक्ला का दुखद निधन, नम आंखों से दी गई विदाई..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट नगर व जिले की प्रथम महिला चिकित्सक डॉ. कुसुमलता शुक्ला का 88 वर्ष की उम्र में दिनांक 17 जून 2026 को दुखद निधन हो गया। वे अपने पीछे पुत्र डॉ. संजय शुक्ला, डॉ. समीर शुक्ला, पुत्र वधु डॉ. अर्चना शुक्ला, डॉ. नीना शुक्ला, पौत्र डॉ. अक्षत***



स्व. श्रीमती डॉ. कुसुमलता शुक्ला
जन्म तिथि : 17-07-1938 मृत्यु तिथि : 17-06-2026

और पौत्रवधु डॉ. स्तुति शुक्ला, सुपुत्री नंदिता मोईत्रा एवं अनिता शर्मा संहित भरा पुरा परिवार छोड़ गई है। डॉ. कुसुमलता शुक्ला के दुखद निधन के उपरांत स्थानीय मोक्षधाम में उनके पार्थिव देह का अंतिम संस्कार किया गया, इस अवसर पर बड़ी संख्या में वार्ड नं.16 के नागरिक एवं बड़ी संख्या में रिश्तेदारों के साथ ही चिकित्साजगत के लोग उपस्थित थे।

### डॉ. कुसुमलता का जीवन रहा चिकित्सा जगत के लिये प्रेरणा..

गौरतलब है कि बालाघाट जिले में अपने दौर में डॉ. कुसुमलता का जीवन और उनका योगदान हमेशा प्रेरणा बना रहेगा। बीते 65 वर्षों पूर्व 1961 में जब डॉ. बनकर डॉ. कुसुमलता शुक्ला ने चिकित्सकीय क्षेत्र में कदम रखा था, तब वह दौर विशेषकर बालाघाट के लिये बड़ा ही संघर्षपूर्ण हुआ करता था। शासकीय चिकित्सालय में मरीजों की भीड़ अलग हुआ करती थी, एवं संसाधनों की भारी कमी। उस दौर में गरीब, असहाय महिलाएं प्रसूती के लिये जिला चिकित्सालय पहुंचती, तो उनकी बेहतर देखरेख करने का काम डॉ. कुसुमलता शुक्ला ने किया था, जबकि वहीं जब उन्होंने शुक्ला नर्सिंगहोम की स्थापना की, तो अपने निजी अस्पताल में भी आधी आधी रात को उठकर प्रसूताओं को भर्ती करते हुए उनका बेहतर उपचार एवं प्रसूती कार्य बखूबी डॉ. कुसुमलता शुक्ला ने करने का काम किया, इसका परिणाम यह रहा कि उस दौर में शुक्ला नर्सिंगहोम में मरीजों की भारी भीड़ नजर आती थी, लेकिन सुबह हो या फिर रात, मरीजों की सेवाओं में डॉ. कुसुमलता शुक्ला ने कोई कमी नहीं की।

अपने दौर में गरीब और जरुरतमंद मरीजों का निःशुल्क उपचार करने की स्थितियों में भी डॉ. कुसुमलता शुक्ला ने कर्त्तव्य से कभी मूंह नहीं मोड़ा, तो वहीं अपने परिवार का बेहतर लालन पालन करते हुए बच्चों को भी योग्य बनाने और एक श्रेष्ठ डॉक्टर बनाने में डॉ. कुसुमलता ने योगदान में कोई कमी नहीं की। एक कर्त्तव्यनिष्ठ, परिश्रमी डॉक्टर के रुप में डॉ. कुसुमलता ने योगदान तो दिया ही, वहीं अपने आस पड़ोस में रहने वाले लोगों को भी अपने परिवार की तरह प्रेम संबंधों में बांधे रखा।

**जब डॉ. कुसुमलता शुक्ला का निधन हुआ, तो उनके संदर्भ में तथा उनके व्यवहार की ऐसी ही खुबियों को याद किया गया, तथा सभी ने डॉ. कुसुमलता शुक्ला के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। यहां उल्लेखनीय है कि डॉ. कुसुमलता शुक्ला के पदचिन्हों पर चलते हुए उनकी पुत्रवधु डॉ. अर्चना शुक्ला भी बालाघाट में अपना योगदान दिये हुए है, और इसका परिणाम है कि चिकित्सा क्षेत्र में शुक्ला परिवार की सेवाएं जन जन के लिये सर्वोच्च बनी हुई है।**

# बंधुआ एवं बाल श्रम रोकने नियमित निरीक्षण करें सभी अधिकारी : कलेक्टर मृणाल मीना

**जगप्रेरणा बालाघाट।**



कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में गुरुवार 18 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बंधुआ श्रम (उन्मूलन) अधिनियम एवं बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बंधुआ श्रम और बाल श्रम की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री मीना ने श्रम निरीक्षकों को निर्देशित किया कि वे जिले के निर्माण स्थलों, ढाबों, होटलों तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान यदि कोई बाल श्रमिक कार्य करते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा संबंधित बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिलाकर उनकी शिक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने समिति की बैठक नियमित अंतराल पर आयोजित करने तथा बंधुआ श्रम एवं बाल श्रम की रोकथाम के लिए की गई कार्रवाई का विस्तृत प्रतिवेदन प्रत्येक बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। बैठक में बताया गया कि बंधुआ श्रम प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम, 1976 के अंतर्गत किसी व्यक्ति से उसकी इच्छा के विरुद्ध अथवा श्रम कानूनों का उल्लंघन करते हुए कार्य कराया जाना बंधुआ श्रम की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में दोषी व्यक्ति को तीन वर्ष तक के कारावास तथा दो हजार रुपये तक के जुर्माने से दंडित किए जाने का प्रावधान है। साथ ही, जिले के किसी भी श्रमिक के देश के अन्य क्षेत्रों में बंधक बनाकर कार्य कराए जाने की शिकायत मिलने पर श्रम विभाग द्वारा उन्हें मुक्त कराकर राहत एवं पुनर्वास की कार्रवाई की जाती है। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों और किशोरों को खतरनाक कार्यों एवं प्रक्रियाओं में नियोजित करना प्रतिबंधित है। अधिनियम का उल्लंघन करने पर दोषियों के विरुद्ध 20 हजार से 50 हजार रुपये तक के जुर्माने तथा छह माह से दो वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि बंधुआ श्रम और बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए प्रशासन, श्रम विभाग, पंचायतों तथा समाज के सभी वर्गों को मिलकर कार्य करना होगा, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किशत का वितरण 20 जून को..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 20 जून को देश के किसानों के बैंक खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 23 वी किशत का वितरण करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी पश्चित बंगाल राज्य के तारकेश्वर हुगली में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम के अवसर पर देश के किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वी किशत का अंतरण करेंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला स्तर पर कलेक्ट्रेड कार्यालय के सभाहॉल में दिखाया जाएगा। इस कार्यक्रम का तहसील, विकासखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा और इसमें किसानों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।






# देवेन्द्र सुन्द्रीयाल ने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी का पदभार संभाला..

**जगप्रेरणा बालाघाट।** महिला वित्त एवं विकास निगम, भोपाल से स्थानांतरित होकर बालाघाट पहुंचे श्री देवेन्द्र सुन्द्रीयाल ने गुरुवार 18 जून को महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) का कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभागीय गतिविधियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यभार संभालने के साथ ही श्री सुन्द्रीयाल ने जिले के सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, आंगनवाड़ी सेवाओं के संचालन, पोषण अभियान तथा महिला एवं बाल कल्याण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने अधिकारियों को शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने और लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात श्री सुन्द्रीयाल ने वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने महिलाओं को त्वरित सहायता एवं परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए केंद्र की कार्यप्रणाली की जानकारी ली तथा आवश्यक सुधार संबंधी सुझाव दिए। निरीक्षण के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक संचालक श्री प्रशांतदीप ठाकुर एवं वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक सुश्री रचना चौधरी भी उपस्थित रहीं। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को विभागीय गतिविधियों एवं केंद्र में संचालित सेवाओं की जानकारी प्रदान की। श्री सुन्द्रीयाल ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता होगी। विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों एवं किशोरियों के स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं को बेहतर तरीके से धरातल पर लागू करने के लिए सभी अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जाएगा।







# कमर की चोट के साथ विश्व चैम्पियनशिप खेलना सही फैसला नहीं था : नीरज चोपड़ा

दोहा, (भाषा)।

***भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग के जरिये सत्र की शुरूआत से पहले स्वीकार किया कि पिछले साल कमर की चोट के साथ विश्व चैम्पियनशिप में उतरने का फैसला सही नहीं था।***



तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता चोपड़ा सितंबर 2025 में तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप में 84 . 03 मीटर के थ्रो के साथ निराशाजनक आठवें स्थान पर रहे । चैम्पियनशिप के बाद उन्होंने बताया कि उनकी कमर के निचले हिस्से में चोट है । उन्हें इससे उबरने में समय लगा और इसी वजह से सत्र की शुरूआत में देरी हुई ।

उन्होंने शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग से पहले कहा ,''तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप से पहले मुझे चोट लगी थी । हमने काफी मेहनत की और मैने तोक्यो में भी खेला लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह सही फैसला था क्योंकि मुझे पता था कि कुछ दिक्कत है । लेकिन वह 2025 की आखिरी प्रतियोगिता था तो मैने खेलने का फैसला किया।''

उन्होंने कहा ,'' एक खिलाड़ी के जीवन में अगर कोई एक चोट है और हम बचाने की कोशिश करते हैं तो दूसरी चोट महसूस होने लगती है । मेरे टखने में , फिर कंधे में दिक्कत थी । मैंने अपनी टीम और फिजियो के साथ मिलकर हर चोट पर काम किया ।'' चोपड़ा ने कहा ,'' अब मैं फिट महसूस कर रहा हूं । देखते हैं कि कल कैसा रहता है ।''

दोहा में ही उन्होंने विश्व रिकॉर्डधारी जान जेलेज्नी के कोच रहते 90 मीटर का आंकड़ा पार किया था । उन्होंने हालांकि कहा कि 16 मई 2025 को फेंका गया वह थ्रो तकनीकी तौर पर उनका सर्वश्रेष्ठ नहीं था ।

उन्होंने कहा ,'' तकनीकी तौर पर वह थ्रो इतना अच्छा नहीं था । मैं दो तीन मीटर और दूर फेंक सकता था। विश्व चैम्पियनशिप या ओलंपिक में क्वालीफिकेशन दौर के थ्रो अच्छे रहते हैं लेकिन फाइनल में ज्यादा आक्रामक होने के चक्कर में तकनीक भूल जाता हूं ।''

इस साल जनवरी में जेलेज्नी से अलग हुए चोपड़ा ने कहा कि वह अब अपने हिसाब से खेलना चाहते थे ।

उन्होंने कहा ,'' जेलेज्नी महान खिलाड़ी और अच्छे कोच भी हैं । हमने कई चीजों पर काम किया और मैने उनके कोच रहते 90 मीटर का थ्रो फेंका । तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप के बाद लगा कि मुझे अपने हिसाब से एक भारतीय कोच के साथ काम करना चाहिये ।''

# डायमंड लीग में नीरज की वापसी, श्रीलंका के उभरते हुए स्टार रुमेश पथिरागे से होगा मुकाबला

दोहा, (भाषा)।

***भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा को उम्मीद होगी कि जब वह शुक्रवार को यहां दोहा डायमंड लीग में फॉर्म में चल रहे शीर्ष प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफवापसी करेंगे तो चोट के कारण प्रतियोगिताओं से अनुपस्थिति उनकी लय को प्रभावित नहीं करेगी।***



इसमें भाग लेने वाले शीर्ष स्तरीय खिलाड़ियों में श्रीलंका के उभरते हुए स्टार रुमेश थरंगा पथिरागे भी शामिल होंगे जिन्होंने कुछ दिन पहले ही 90 मीटर का आंकड़ा पार किया है।

दूसरी ओर 28 वर्षीय चोपड़ा पीठ की चोट से उबर रहे हैं जिसके कारण वह पिछले साल सितंबर में विश्व चैंपियनशिप के बाद से किसी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पाए थे और इस प्रतियोगिता में वह 84.03 मीटर के औसत थ्रो के साथ आठवें स्थान पर रहे थे, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि कतर स्पोर्ट्स क्लब में वह शुरुआत से ही अपनी लय हासिल कर लेंगे।

दोहा उनके लिए भाग्यशाली रहा है। यहीं पर दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा ने पिछले साल मई में 90 मीटर का थ्रो किया था। वह 90.23 मीटर के थ्रो से जर्मनी के जूलियन वेबर (91.06 मीटर) के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे।

यह प्रतियोगिता आठ मई को सत्र की शुरुआत के तौर पर आयोजित होने वाली थी लेकिन पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण इसे टाल दिया गया था।

तुर्किए में 'रिहैबिलिटेशन' के बाद 25 मई से स्विट्जरलैंड में ट्रेनिंग कर रहे चोपड़ा को नौ खिलाड़ियों वाले इस ग्रुप में देर से शामिल किया गया।

चोपड़ा ने प्रतियोगिता से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''मैंने डेढ़ महीने पहले थ्रो करना शुरू किया और हमने जल्दबाजी नहीं की। फिर मैंने दोहा (आयोजकों) से पूछा कि क्या यह संभव है कि मैं उन्हें एक हफ्ता पहले दोहा डायमंड लीग में भाग लेने के बारे में बताऊं। वे सहमत हो गए और फिर अंतिम सत्र के बाद हमने तय किया कि चोट ठीक है और दोहा में हिस्सा लेते हैं। ''

जब उनसे पूछा गया कि क्या वह बार फिर 90 मीटर थ्रो का लक्ष्य बना रहे हैं तो चोपड़ा ने कहा, ''मैं अपनी पूरी कोशिश करूंगा। मैं बहुत अच्छा और फिट महसूस कर रहा हूं, देखते हैं कल क्या होता है। ''

चोपड़ा को रविवार को आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारत की 32 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम में शामिल किया गया। इसके लिए उन्हें भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के 82.61 मीटर के क्वालीफाइंग मानक को हासिल करना होगा जो उनके मानकों के हिसाब से कोई मुश्किल काम नहीं है।

चोपड़ा का मुकाबला पथिरागे से होगा जो इस सत्र में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। चार जून को डायमंड लीग के रोम चरण में 92.62 मीटर के शानदार थ्रो से यह 24 साल का श्रीलंकाई खिलाड़ी ने मौजूदा सत्र में शीर्ष पर बना हुआ है। वह 90 मीटर का अहम आंकड़ा पार करने वाले चौथे एशियाई और कुल मिलाकर 28वें खिलाड़ी बन गए।

इस सत्र में पथिरागे ने दो बार 89 मीटर से ज्यादा का थ्रो किया है। वह प्रतिष्ठित गोल्डन स्पाइक मीट में 86.57 मीटर के थ्रो के साथ जीत हासिल करने के बाद दोहा डायमंड लीग में आए हैं।

रोम में उनका प्रदर्शन पाकिस्तान के अरशद नदीम के पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले 92.97 मीटर के थ्रो से थोड़ा कम था, लेकिन उन्होंने चीनी ताइपे के चाओ-त्सुन चेंग (91.36 मीटर) और चोपड़ा (90.23 मीटर) को पीछे छोड़ दिया।

उनका थ्रो दुनिया की सर्वकालिक सूची में आठवें नंबर पर है। यह नदीम के 2024 ओलंपिक फाइनल के प्रयास के बाद दुनिया का सबसे अच्छा थ्रो भी था।

चोपड़ा और पथिरागे तीसरी दफा एक दूसरे के आमने सामने होंगे और यह डायमंड लीग के मंच पर उनकी पहली भिड़ंत होंगी। दोनों का रिकॉर्ड अभी तक 1-1 से बराबर रहा है।

चोपड़ा ने जुलाई 2025 में बेंगलुरु में आयोजित एन सी क्लासिक में स्वर्ण पदक जीता था जबकि पथिरागे 84.34 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। हालांकि, पिछले साल तोक्यो विश्व चैंपियनशिप में चोपड़ा निराशाजनक रूप से आठवें स्थान पर रहे जबकि पथिरागे 84.38 मीटर के साथ सातवें स्थान पर रहे।

चोपड़ा ने कहा, ''यह सच में कमाल की उपलब्धि है। वह बहुत अच्छा खिलाड़ी है, मेरा अच्छा दोस्त है। उसने श्रीलंका के लिए जो किया है, मैं उसके लिए खुश हूं। ''

दोहा डायमंड लीग में शामिल अन्य खिलाड़ियों में त्रिनिदाद एवं टोबैगो के मौजूदा विश्व चैंपियन केशोर्न वालकॉट, ग्रेनाडा के दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स, अमेरिका के विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता कर्टिस थॉम्पसन, कीनिया के जूलियस येगो, चेक गणराज्य के जैकब वाडलेच, मिस्र के मोहम्मद हुसैन अहमद सामेह और आर्तुर फेल्फनर शामिल हैं।

पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम ने 12 जून को अपनी भागीदारी की घोषणा के बाद अपना नाम वापस ले लिया।

# गर्मी को देखते हुए अगले साल 10 मार्च से शुरू हो सकता है आईपीएल : देवजीत सैकिया

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) देश के अधिकांश हिस्सों में मई में पड़ने वाली भीषण गर्मी से बचने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को अगले साल से 10 मार्च से 15 मई तक आयोजित करने पर विचार कर रहा है। बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने पीटीआई को यह जानकारी दी।***





उन्होंने हालांकि स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए मैचों की संख्या 74 ही रहेगी और इसे बढ़ाकर 94 नहीं किया जाएगा। आईपीएल आमतौर पर मार्च के आखिरी सप्ताह में शुरू होता है और मई के अंत तक चलता है। सैकिया ने कहा कि आईपीएल को जल्दी शुरू करने से खिलाड़ी ही नहीं दर्शकों को भी फायदा होगा।'' उन्होंने कहा, ''इस साल आईपीएल 29 (28) मार्च को शुरू हुआ और 31 मई तक चला। हम इस पर चर्चा कर रहे हैं कि कि 15 मई के बाद टूर्नामेंट के अंतिम चरण में बारिश या मानसून से पहले के मौसम से व्यवधान पड़ने की आशंका बनी रहती है।''

सैकिया ने कहा, ''इसके अलावा तब तक मौसम काफी गर्म हो जाता है जो न तो खिलाड़ियों के लिए और ना ही दर्शकों के लिए बहुत अनुकूल है।'' बोर्ड के सचिव ने कहा कि मई के अंतिम पखवाड़े में बढ़ते तापमान से निपटने के लिए टूर्नामेंट को दो सप्ताह पहले शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''बीसीसीआई के साथ-साथ हमारी आईपीएल संचालन परिषद में भी इस बात पर चर्चा चल रही है कि क्या हम टूर्नामेंट को मार्च के आखिर के बजाय थोड़ा पहले शुरू कर सकते हैं।''

सैकिया ने कहा, ''अगले साल से हम इसे जल्दी शुरू करने का प्रयास करेंगे। मैंने अपने महाप्रबंधक (खेल विकास) (पूर्व तेज गेंदबाज एबी कुरुविला) को निर्देश दे दिया है कि वह ऐसा कार्यक्रम तैयार करें जिससे हम 10 मार्च तक टूर्नामेंट शुरू करके 15 मई तक समाप्त कर सकें।'' सैकिया ने कहा कि उन्हें आईपीएल मैचों के दौरान भारत के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में गर्मी को लेकर खिलाड़ियों के साथ-साथ प्रशंसकों से भी शिकायतें मिली हैं।

उन्होंने कहा, ''मुझे प्रशंसकों के साथ-साथ खिलाड़ियों से भी बहुत सारी शिकायतें सुनने को मिल रही हैं, क्योंकि सभी खिलाड़ी इतनी गर्म परिस्थितियों में खेलने के आदी नहीं हैं।'' सैकिया ने कहा, ''इसलिए हम इसे 15 मई तक समाप्त करना चाहते हैं। यह अब हमारा पहला लक्ष्य है।'' सैकिया ने इसके साथ कहा कि मैचों की संख्या बढ़ाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा, ''फिलहाल यह संभव नहीं है क्योंकि हमें विभिन्न देशों से आने वाले खिलाड़ियों से संबंधित कई अन्य मामलों पर विचार करना होगा। बड़ी मुश्किलों के बाद हमें यह दो महीने की अवधि मिली है।'' सैकिया ने कहा, ''दो महीने से आगे बढ़ाना बहुत मुश्किल होगा क्योंकि अन्य देशों को भी द्विपक्षीय मैच खेलने होते हैं। इसलिए इस समय मैचों की संख्या 74 से बढ़ाकर 94 करने के बारे में किसी तरह की चर्चा नहीं हो रही है।'' उन्होंने कहा, ''आने वाले वर्षों में स्थिति क्या होगी यह मैं नहीं जानता, लेकिन फिलहाल मुझे मैचों की संख्या 74 से बढ़ाकर 94 करने की कोई संभावना नजर नहीं आती, क्योंकि इसके लिए न केवल भारत, बल्कि आईसीसी के अन्य क्रिकेट खेलने वाले देशों, विशेष रूप से ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों के हितों को भी ध्यान में रखना होगा।''

# उम्रदराज और युवा खिलाड़ी दोनों ही आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं विश्व कप में

न्यूयॉर्क, (एपी)।

***केप वर्डे के 40 वर्षीय गोलकीपर इस विश्व कप में स्टार बन गए हैं जबकि सेनेगल के एक किशोर ने टूर्नामेंट में अपने पहले ही मैच में गोल किया। इस टूर्नामेंट में खेल रही 48 टीम में कुछ उम्रदराज तो कुछ युवा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिन्होंने अब तक मिश्रित प्रदर्शन किया।***



अगर उम्रदराज खिलाड़ियों की बात आती है तो सबसे पहला नाम 41 वर्षीय क्रिस्टियानो रोनाल्डो का आता है। यह स्टार खिलाड़ी पहले मैच में गोल करने में नाकाम रहा जिससे उनकी टीम पुर्तगाल को कांगो के खिलाफमैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा।

40 वर्षीय लुका मोड्रिक ने क्रोएशिया को 2018 विश्व कप के फाइनल तक पहुंचाया था, लेकिन बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ उनकी शुरुआत खराब रही। उनके फाउल के कारण ही इंग्लैंड को पेनल्टी मिली जिसे हैरी केन ने गोल में बदला।

विश्व कप टीमों में कई गोलकीपर ऐसे हैं जिनकी उम्र 40 वर्ष है। इनमें जर्मनी के मैनुअल नेउर शायद सबसे प्रसिद्ध हैं, लेकिन अब केप वर्डे के वोज़िन्हा भी इस सूची में शामिल हो गए हैं। इस गुमनाम गोलकीपर ने स्पेन को गोलरहित ड्रॉ पर रोकने में अहम भूमिका निभाई।

लियोनेल मेस्सी 38 साल के हैं और काफी चुस्त-दुरुस्त हैं। वह अगले सप्ताह 39 साल के हो जाएंगे। उन्होंने अल्जीरिया के खिलाफ हैट्रिक बनाकर अर्जेंटीना को पहले मैच में जीत दिलाई।

अगर सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों पर गौर करें तो मैक्सिको की दक्षिण अफ्रीका पर 2-0 से जीत के दूसरे हाफमें स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे मैक्सिको के 17 वर्षीय मिडफील्डर गिलबर्टो मोरा का घरेलू दर्शकों ने जोरदार स्वागत किया। वह मौजूदा विश्व कप में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं।

सेनेगल के फॉरवर्ड इब्राहिम एमबाए ने पहली बार विश्व कप में खेलते हुए ही शानदार प्रदर्शन किया। फ्रांस में जन्में इस 18 वर्षीय के खिलाड़ी फ्रांस के खिलाफ75वें मिनट में मैदान पर आकर गोल दागा। मोरक्को के 18 वर्षीय अय्यूब बौआदी ने ब्राजील के खिलाफ1-1 से ड्रॉ रहे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था। मिस्र के 18 वर्षीय फॉरवर्ड हमजा अब्देलकरीम बेल्जियम के साथ 1-1 से ड्रॉ रहे मैच में 76वें मिनट में स्टार खिलाड़ी मोहम्मद सलाह की जगह स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर आए।

युवा प्रतिभाओं में सबसे होनहार खिलाड़ी स्पेन के लामिन यामल हैं, जो अगले महीने 19 साल के हो जाएंगे। वह मांसपेशियों में खिंचाव के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्हें केप वर्डे के साथ ड्रॉ मैच में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतारा गया था।

# स्मृति हमेशा मुझे मैदान पर शांत रहने के लिए कहती है: शेफाली वर्मा

लीड्स, (भाषा)।

***भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि मानसिक रूप से मजबूत रहने से उन्हें हाल के खराब प्रदर्शन से उबरने में मदद मिली और इसके साथ ही टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने भी सहज और शांत होकर खेलने में उनकी सहायता की।***

अपने पहले महिला टी20 विश्व कप खिताब की कवायद में लगी भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 64 रन से और दूसरे मैच में नीदरलैंड को 95 रन से हराया।

नीदरलैंड के खिलाफ शेफाली ने 38 गेंदों में 55 रन बनाकर लय में लौटने के संकेत दिए। उन्होंने मंधाना के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी की जिससे भारत पांच विकेट पर 209 रन बनाने में सफल रहा।

शेफाली ने विश्व कप से पहले खेले गए द्विपक्षीय मैचों के संदर्भ में कहा, ''इंग्लैंड के खिलाफ (द्विपक्षीय श्रृंखला में) हम अच्छी साझेदारियां नहीं कर पाए लेकिन हम आपस में इस संदर्भ में काफी बातचीत कर रहे थे और एक दूसरे का हौसला बढ़ा रहे थे।'' उन्होंने कहा, ''हमने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था। उसके बाद मैंने नेट पर काफी अभ्यास किया। मैंने जमीन पर शॉट खेलने की कोशिश की, मानसिक रूप से खुद को मजबूत बनाए रखने की कोशिश की और हमारी साझेदारी बहुत अच्छी रही।'' इस आक्रामक सलामी बल्लेबाज ने कहा कि बल्लेबाजी करते समय मंधाना को उन्हें ज्यादा निर्देश देने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा, ''उन्हें मुझे बहुत ज्यादा निर्देश देने की जरूरत नहीं पड़ती। वह बहुत समझदार है। मैं हर गेंद पर छक्का लगाने के बारे में सोचती हूं लेकिन वह मुझे शांत बनाए रखती है। वह कहती है कि मुझे अधिक शॉट जमीन पर खेलने होंगे।'' शेफाली ने कहा, ''सबसे अच्छी बात यह है कि जिन गेंदबाजों के सामने मैं खुलकर नहीं खेल पाती उन पर वह अच्छे शॉट खेलती है। हम दोनों जानते हैं कि जब कोई ऑफस्पिनर या बाएं हाथ का स्पिनर गेंदबाजी करने आता है तो स्ट्राइक किसे लेनी चाहिए। हम कई साल से साथ में खेलते आ रहे हैं और जानते हैं कि स्ट्राइक किसे



देनी चाहिए।'' भारत रविवार को मैनचेस्टर में ग्रुप ए के अपने तीसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा और शेफाली ने कहा कि टीम आगे की कड़ी चुनौतियों के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, ''हमारे बल्लेबाज और गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हम सभी जानते हैं कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण होगा। हम इसके लिए तैयार हैं।''

मान्यता
ऑटो पार्ट्स



सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के
स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433







दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## मानवाधिकार और भू-राजनीति : क्या वैश्विक संवेदनाएँ चयनात्मक हैं?

मानवाधिकारों की अवधारणा आधुनिक विश्व व्यवस्था के सबसे महत्वपूर्ण नैतिक और कानूनी स्तंभों में से एक मानी जाती है। इसका मूल विचार यह है कि प्रत्येक व्यक्ति, उसकी राष्ट्रीयता, धर्म, भाषा, राजनीतिक विचार या भौगोलिक स्थिति चाहे जो भी हो वह कुछ मूलभूत अधिकारों का अधिकारी है। परंतु व्यवहार में एक प्रश्न बार-बार उभरता है: क्या मानवाधिकारों की रक्षा और उनके उल्लंघन पर वैश्विक प्रतिक्रिया वास्तव में समान और सार्वभौमिक है, अथवा वह भू-राजनीतिक हितों, रणनीतिक संबंधों और अंतरराष्ट्रीय शक्ति-संतुलन से प्रभावित होती है?

यह प्रश्न हाल के वर्षों में कई क्षेत्रों की घटनाओं के संदर्भ में अधिक प्रासंगिक दिखाई देता है। पाकिस्तान प्रशासित जम्मू-कश्मीर में महंगाई, प्रशासनिक व्यवस्था, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और क्षेत्रीय अधिकारों से जुड़े आंदोलनों के दौरान बल प्रयोग, गिरफ्तारियों, संचार प्रतिबंधों और नागरिक हताहतों की खबरों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता उत्पन्न की। इसी प्रकार पाकिस्तान के भीतर कई राज्यों द्वारा स्वतंत्र राष्ट्र की मांग, अधिक स्वायत्तता की मांग तथा कुछ संगठनों तथा पार्टियों द्वारा राजनीतिक गिरफ्तारियों, झूठे मुकदमे आदि के विरोध में बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों हुए हैं जिन्हें दबाने के लिए गिरफ्तारियों और बल प्रयोग तथा गोली मारने के आदेश को लेकर प्रश्न उठते रहे हैं। विभिन्न मानवाधिकार संगठनों ने ऐसे मामलों में पारदर्शिता, स्वतंत्र जांच और नागरिकों की आवाज और जान-माल की रक्षा की आवश्यकता पर बल दिया है। हालाँकि यह विषय केवल पाकिस्तान तक सीमित नहीं है। विश्व के अनेक क्षेत्रों में देखा गया है कि जब नागरिक समूह आर्थिक संकट, राजनीतिक प्रतिनिधित्व, सांस्कृतिक पहचान या प्रशासनिक निर्णयों के विरुद्ध आवाज़ उठाते हैं, तब राज्यों के सामने चुनौती यह होती है कि वे सुरक्षा और स्वतंत्रता के बीच संतुलन कैसे बनाएँ। लोकतांत्रिक व्यवस्था का आदर्श यह मानता है कि असहमति को कानूनसम्मत और शांतिपूर्ण तरीके से व्यक्त करने का अधिकार नागरिक जीवन का आवश्यक तत्व है तथा राज्य की प्राथमिक प्रतिक्रिया संवाद, संस्थागत समाधान और संवैधानिक प्रक्रियाएँ होनी चाहिए।

इसी सिद्धांत को संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा भी रेखांकित करती है। इसके अनुच्छेद 19 में विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा अनुच्छेद 20 में शांतिपूर्ण सभा और संगठन बनाने के अधिकार को मान्यता दी गई है। साथ ही यह भी स्वीकार किया गया है कि सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा के हित में कुछ सीमाएँ लगाई जा सकती हैं, लेकिन वे आवश्यक, अनुपातिक और विधिसम्मत होनी चाहिए।

यहीं से भू-राजनीति और मानवाधिकारों के बीच जटिल संबंध सामने आते हैं। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में राष्ट्र प्रायः केवल नैतिक आधार पर निर्णय नहीं लेते; उनके निर्णय सुरक्षा, व्यापार, सामरिक साझेदारी, ऊर्जा हितों और क्षेत्रीय प्रभाव जैसे अनेक कारकों से प्रभावित होते हैं। परिणामस्वरूप, कई बार यह धारणा बनती है कि कुछ देशों या क्षेत्रों में मानवाधिकार उल्लंघनों पर वैश्विक प्रतिक्रिया तीव्र और मुखर होती है, जबकि अन्य स्थानों पर प्रतिक्रिया अपेक्षाकृत सीमित या औपचारिक दिखाई देती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रत्येक स्थिति में यह धारणा पूरी तरह सही हो; अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की प्रक्रियाएँ, उपलब्ध जानकारी, कानूनी सीमाएँ और कूटनीतिक परिस्थितियाँ भी प्रतिक्रिया को प्रभावित करती हैं। फिर भी यदि व्यापक जनमानस में चयनात्मक भावना उत्पन्न होती है, तो यह स्वयं वैश्विक मानवाधिकार व्यवस्था की विश्वसनीयता के लिए चुनौती बन जाती है।

मानवाधिकारों की शक्ति उनकी सार्वभौमिकता में निहित है। यदि किसी क्षेत्र में नागरिकों की स्वतंत्रता के उल्लंघन के आरोप हों, तो उनकी जांच और प्रतिक्रिया का आधार पीड़ित की राष्ट्रीयता या संबंधित देश की सामरिक उपयोगिता नहीं, बल्कि समान मानदंड, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व होना चाहिए। अन्यथा मानवाधिकार नैतिक सिद्धांत कम और अंतरराष्ट्रीय राजनीति का उपकरण अधिक प्रतीत होने लगेंगे। अंततः प्रश्न केवल यह नहीं है कि कहाँ मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ, बल्कि यह भी है कि विश्व समुदाय उन घटनाओं को किस दृष्टि से देखता है। मानवाधिकारों की वास्तविक विश्वसनीयता तभी सिद्ध होगी जब उनकी संवेदनशीलता सीमाओं, गठबंधनों और भू-राजनीतिक प्राथमिकताओं से ऊपर उठकर समान रूप से लागू होती दिखाई दे।

लेखक



**प्रो.मनमोहन प्रकाश**

## हौसला..

मन के सूखे में, बूंदे विश्वास की पड़ी जबसे
खिलखिलाकर उठी उम्मीद की फसल तभ से
बोये जा रहा हु बीज मेहनत के तभ से
जाना फसल के फायदे मैने जब से
यू ना सुखा देख कर, हौसला हार ऐ किसान
आस ना छोड़, कर दुआ तू रब से
जल्दी ही तेरी बीच में अंकुर आयेगा।
हौसला ना हार बीज फूलफुला
कर तेरी मेहनत चुकाएगा
जो हो रहा है बेहतर के लिए है ,
लगा मन तू मेहनत कर, तू जो
कर रहा तू वो करके जरूर दिखाएगा
तेरा फल तेरे कदमों में एक
दिन चल के आयेगा।
हार न हौसला तेरा भी दिन आयेगा।

**शैलेश दिवेवार नागरा**
**9764143751**

## बाप जिन्दा है..

मौज मस्ती खूब कर लो जब तक बाप जिन्दा है।
नवाबों सा दम भर लो,जब तक बाप जिन्दा है।
मिले जो काम के पैसे, गुलछर्रे खूब उड़ा लो
चाट के ठेले पर चर लो,जब तक बाप जिन्दा है।
दोस्तों संग पिकनिक पर, चाहे जब चले जाओ
सारी दुनिया विचर लो,जब तक बाप जिन्दा है।
न चिंता घर की है ,न ग़म किसी बात का तुमको
सर पर क्यों फ़िक्र लो,जब तक बाप जिन्दा है।
फ्रेंड के नाम पर मिल आते हो गर्ल फ्रेंड से जाकर
सच से भले मुकर लो, जब तक बाप जिन्दा है।
चार पैसे कमाने की नहीं नौबत अभी आई
आने से पहले सुधर लो,जब तक बाप जिन्दा है।
अभी बच्चे हमारे हो, तुम्हारे बच्चे कल होंगे
कल की आज खबर लो,जब तक बाप जिन्दा है।
सुख के दिन बड़ी मुश्किल से आते जिन्दगी में हैं
बहती गंगा शशि तर लो जब तक बाप जिन्दा है।।

**शशि तिवारी**

## ऐ आसमान..!

ऐ आसमान..!
अब तो पानी बरसा..
बहुत हो गया इंतजार
अब और न तरसा।

कह दें काले बादलों से
इधर का भी रुख करें..
हमारे शुष्क जीवन में
शीतलता का सुख भरें।

ऐ बारिश.. अब लोगों का
और ना वक्त जाया कर..
बहुत पड़े हैं काम अधूरे
समय-समय पर आया कर ।

किसान, अध्यापक, छात्र
सब कर रहें इंतजार हैं..
तेरे न आने से सब के
ओठों पर तक़रार हैं।

पेड़, पौधे, घास, पंछी
आस लगाए बैठे हैं..
अब तो पक्का होगी बारिश ..
ये कयास लगाए बैठे हैं।

सुख चुके हैं कुए, तालाब
चारों ओर हाहाकार है..
बूँद बूँद को तरसे धरती
बस तेरा इंतजार है।

**अकील सैय्यद-**
**सालेकसा जि. गोंदिया**
**9881599572**

## मुद्दे सारे बवाल पर है..

वक्त अपनी चाल पर है
इंसान वही खाल पर है

अनसुलझे सवालों का ढेर
मुद्दे सारे बवाल पर है

दहशत में चल रही दुनियां
लगता है जैसे काल पर है

छीना झपटी मारा मारी
नजर सभी की माल पर है

लिखना चाहूँ तो ख्याल बहुत
सोच मेरी हर इक सवाल पर है

लेखक



**किशोर छिपेश्वर**
**'सागर', बालाघाट**

## वो क्या ही होंगे अवाम के..


वो क्या ही होंगे
अवाम के,
जो हो ना पाये
श्रीराम के।
लुट का उनका
सारा खेल है,
राष्ट्रभक्त है वो
बस नाम के।
किस तरह
भ्रष्टाचार बढ़ा है,
हाल देख लो
हर काम के।
देश पहले मजबूत
हाथ में था,
अब लगता है,
है गुलाम के।
ग़लत का विरोध
करना सीखो
वरना रहोगे नहीं
कोई काम के।

लेखक



**संजय अश्क**
**पुलपुट्टा, बालाघाट**


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 197



ck;sa ls nk;sa &1) पन्द्रह दिनों के बाद प्रकाशित होनेवाली पत्र–पत्रिका 4) पंजाब का सिक्खों का एक पवित्र तीर्थस्थान 7) करीब करीब 10) दास 14) कुछ 17) लज्जाजनक 19) 'मै' का बहुवचन 21) तोता 23) जरुरत 25) एक रंग 26) पंजाब राज्य की एक प्रमुख नदी 28) हिमालय में स्थित एक पवित्र झील 30) एक पुराने प्रसिद्ध फिल्मी गजल गायक 32) नियंत्रण 33) वंश 35) नामवाला 36) एक साग 38) और 40) मयूर 42) नाजुकपन 44) अमीर 45) गुजरात राज्य का समीपस्थ समुद्र 46) श्रीकृष्ण की माता 47) किसी को तंत्र मंत्रद्वारा वश में करने की क्रिया 49) छोटा 51) गायब 53) एकबार (संस्कृत) 54) विकसित किया हुआ, विकास किया गया 57) अभिनेता धर्मेन्द्र का अभिनेता बेटा 59) जिद्दी 60) काम 61) बाढ़ 62) राजस्थान का एक तीर्थस्थान 64) लाज 65) प्रतिष्ठा और शान 67) कुरर (कौंच) पक्षी की मादा 69) इतिहासकालीन शीरी का प्रेमी 71) घाव पर लगाया जानेवाला लेप 73) हमारे नित्य के भोजन का एक पदार्थ 74) बादल 75) ........ और शेरा, इस फिल्म का नाम पुरा कीजिये 76) बारीश में गिरनेवाला बर्फ का छोटा टुकड़ा 77) श्रीफल 79) सुकुमारी 81) विपत्ति 83) एक देश 84) शारीरिक कष्ट 85) विपदा 87) एक बड़ा फल 89) मुसलमानों की मक्के की यात्रा 91) सौ करोड़ 92) कर्ण 93) मन की इच्छा, मन में उत्पन्न 95) जूतों की मार, मारपीट, झगड़ा 98) बर्तन आदि का साफ करना 99) 'कुरु' के वंशज 100) ईसा मसीहद्वारा प्रवर्तित धर्म 101) दायें या बायें बाजू (हाथ के बल) लेटना या लेटने का क्रिया 103) भूमि कर 104) नभ 105) सप्ताह का एक दिन 106) समूह 107) और भी बुरा 108) पुरस्कार 109) उत्सव 110) गुजरना 111) लगा हुआ, लिप्त

Åij ls uhps& 1) पवित्र 2) वह स्थान जहां पृथ्वी और आकाश मिलते दिखाई देते है 3) प्याला (अंग्रेजी) 5) मरा हुआ 6) झील, बड़ा जलाशय 8) अनाज 9) बेहोशी 10) रास्ता भटकना अर्थवाला एक मुहावरा 11) ले आना 12) उद्देश्य 13) खलबली 15) विश्वास 16) कबूल, स्वीकार (उर्दू) 18) दया 20) विवश 22) जीभ 23) कार्यालय में आनेवाली जानेवाली (डाक) 24) एकदम गलत 27) श्रीकृष्ण 28) सामान, सम्पत्ति 29) एक अंग्रेजी लिपि 31) और 34) सिर 36) पाप 37) अभिनेता शशी कपूर यह बेटा अभिनय क्षेत्र में असफल रहा 39) हमारा एक पड़ोसी देश 41) शव जलाने की क्रिया 43) कपड़ेपर बेलबूटा किया हुआ काम 46) विलम्ब 48) सुरज 50) एक अत्यन्त महीन कपड़ा 52) जंगल में लगनेवाली आग 55) सिर के नीचे रखा जानेवाला (तकिया आदि) 56) पछताना अर्थवाला एक मुहावरा 57) प्रशंसा करना 58) वर 63) दरवाजा 65) खबरे प्रसारित करनेवाली एक दूरचित्रवाहिनी 66) सम्राट, राजा 67) एक श्रीराम पुत्र 68) दूरदर्शन की पुरानी सिरीयल 'नुक्कड़' में 'टीचरजी' की भूमिका निभानेवाली इस अभिनेत्री ने कुछ फिल्मों में भी अभिनय किया 69) अमूक 70) नदी 72) धर्म 75) बालू 76) खूब भरा हुआ 78) 'यत्न' का अपभ्रंश 80) पानी 82) गिरे मकान का चूना, ईंट, पत्थर आदि 86) निरन्तर 88) सिक्के ढालने का कारखाना 89) कामना, अभिलाषा 90) निर्जीव 91) अपरिचित 92) महाराष्ट्र की सीमा से लगा कर्नाटक का एक प्रसिद्ध शहर 94) तुरन्त चुकाया जानेवाला पैसा रुपया 95) पटुआ, पटसन, इसका बना वस्त्र 96) घिसना 97) संदेश (उर्दू) 98) सिर के बालों को विभक्त करती रेखा 99) जाति 100) मुसलमानों का एक त्यौहार 102) दूल्हा 104) अभिमान 105) सुवर्ण, शयन करना (जवाब अगले अंक में )

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ 94.40 प्रति डॉलर पर

मुंबई, (भाषा)।

***अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को 10 पैसे की मजबूती के साथ 94.40 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौते के मद्देनजर घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला।***



विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अमेरिका-ईरान शांति समझौते के तहत विभिन्न मुद्दों पर इलेक्ट्रानिक रूप से हस्ताक्षर किए जाने के बाद घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख ने भी निवेशकों की धारणा को बल दिया।

हालांकि, अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व के सख़्त रुख़ से विदेशी बाज़ार में अमेरिकी मुद्रा की मज़बूती ने डॉलर-रुपये की जोड़ी में बढ़त को सीमित कर दिया।

फेडरल रिजर्व ने उम्मीद के मुताबिक ब्याज दरों को स्थिर रखा, लेकिन संकेत दिया कि इस साल के कम से कम एक बार इसमें 0.25 की बढ़ोतरी हो सकती है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.66 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 94.18 से 94.71 के दायरे में रहा। अंत में यह 94.40 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की बढ़त है। रुपया बुधवार को 10 पैसे मजबूत होकर 94.50 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 100.59 पर रहा।

अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 2.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77.70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा।

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, ''हमे उम्मीद है कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौता होने के बाद वैश्विक बाजार में निवेशकों के जोखिम लेने की धारणा को बल मिलने से रुपये को बाजार में सकारात्मक समर्थन मिलेगा।''

घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 254.36 अंक चढ़कर 77,409.98 अंक पर जबकि निफ्टी 82.30 अंक की बढ़त के साथ 24,168 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने बृहस्पतिवार को 1,025.20 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# प्रौद्योगिकी लोकतंत्रीकरण से ही बन सकती है प्रगति का माध्यम, एआई हमारे लिए सर्वसमावेशीः मोदी..

पेरिस, (भाषा)।

***प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण पर बल देते हुए कहा कि यह तभी प्रगति का माध्यम बन सकती है जब सभी के लिए सुलभ हो, और भारत के लिए एआई (कृत्रिम मेधा) का मतलब 'ऑल इनक्लूसिव' (सर्वसमावेशी) होना है।***



प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 'वीवाटेक 2026' सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब अमेरिका ने हाल में कुछ उन्नत एआई मॉडल तक विदेशी नागरिकों की पहुंच पर पाबंदी लगाई है।

मोदी ने कहा, ÷प्रौद्योगिकी के मामले में नवाचार के साथ पहुंच भी महत्वपूर्ण है। प्रौद्योगिकी प्रगति तभी ला सकती है जब उसका लोकतंत्रीकरण हो। भारत मानता है कि बदलाव के इस दौर में प्रौद्योगिकी सभी के लिए काम करे।÷

उन्होंने कहा कि एआई का उपयोग लोगों के जीवन को बेहतर बनाने, पहुंच बढ़ाने, आर्थिक वृद्धि को गति देने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए होना चाहिए।

उन्होंने कहा, ÷वीवाटेक 2026 सम्मेलन में 'एआई कंट्री पार्टनर' के रूप में हमारी भागीदारी इसी दृष्टिकोण को दर्शाती है। भारत के लिए एआई का मतलब 'ऑल इनक्लूसिव' (सर्वसमावेशी) है।÷

पिछले सप्ताह, अमेरिकी एआई कंपनी एंथ्रोपिक ने अमेरिकी प्रशासन के निर्देश पर अपने नवीनतम एआई मॉडल 'फेबल 5' और 'मिथोस 5' तक विदेशी नागरिकों की पहुंच रोक दी। इस कदम से एआई समाधानों की पहुंच को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि दुनिया के लगभग आधे डिजिटल लेनदेन भारत में हो रहे हैं और पिछले एक दशक में देश ने प्रौद्योगिकी के माध्यम से तेज बदलावों को देखा है।

उन्होंने कहा, ÷दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल पहचान प्रणाली से लेकर सबसे बड़े डिजिटल भुगतान मंच तक, हम वित्तीय समावेशन, शिक्षा, टेलीमेडिसिन और कृषि जैसे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं।÷

मोदी ने 2021 में वीवाटेक सम्मेलन में दिए गए अपने संबोधन का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय दुनिया कोविड-19 से जूझ रही थी, जबकि इस समय दूसरे तरह के व्यवधान सामने हैं। उन्होंने कहा, ÷जहां पारंपरिक तरीके काम नहीं करते, वहां नवाचार मदद कर सकता है।÷

प्रधानमंत्री ने कहा कि दो लाख से अधिक स्टार्टअप के साथ भारत दुनिया के सबसे जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्रों में से एक है। उन्होंने इस सम्मेलन में स्थापित भारत मंडप देखने का प्रतिभागियों को आमंत्रण दिया।

उन्होंने कहा कि भारत एक खुला समाज है और यहां दुनिया का सबसे बड़ा प्रतिभा भंडार है। सरकार नियमों को सरल बना रही है और कारोबारी सुगमता सुनिश्चित कर रही है।

मोदी ने कहा कि सरकार 50 अरब डॉलर से अधिक के लक्षित प्रोत्साहनों के जरिये निजी क्षेत्र को समर्थन दे रही है और देश सस्ती डेटा सेवाएं एवं कम लागत वाली हरित ऊर्जा भी उपलब्ध करा रहा है।

उन्होंने भारत में निवेश का आह्वान करते हुए कहा, ÷भारत के साथ काम करें और सभी के लिए परिणाम दें।÷ वीवाटेक सम्मेलन यूरोप का प्रमुख प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सम्मेलन है। इस बार के सम्मेलन में भारत ने भारतीय और यूरोपीय नवाचार पारिस्थितिकी के बीच साझेदारी की संभावनाओं को दर्शाते हुए सबसे बड़ा राष्ट्रीय मंडप स्थापित किया है।

# पश्चिम एशिया संकट के समय लागू ऊर्जा सुरक्षा उपायों की समीक्षा करेगी सरकार..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***पश्चिम एशिया में तनाव घटने और वैश्विक स्थिति के सामान्य होने के संकेतों के बीच सरकार ऊर्जा-सुरक्षा के लिए गए लागू आपातकालीन उपायों की समीक्षा कर उन्हें चरणबद्ध ढंग से वापस लेने पर विचार कर रही है।***



एक सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वैश्विक तेल एवं गैस आपूर्ति शृंखला में संभावित बाधाओं की आशंका के बीच एलपीजी आपूर्ति की निगरानी बढ़ाने, घरेलू प्राकृतिक गैस आवंटन में नई प्राथमिकता तय करने और ईंधन की जमाखोरी रोकने जैसे एहतियाती कदम उठाए गए थे।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच 111 दिन तक चले संघर्ष को समाप्त करने के लिए हुए अंतरिम शांति समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों का आवागमन सामान्य होने की संभावना है। ऐसा होने से कच्चे तेल के भारत जैसे प्रमुख आयातक देशों को राहत मिल सकती है।

अधिकारी ने कहा, ÷हम लगातार बदलती स्थिति की समीक्षा करते रहे हैं। हमने जो उपाय किए हैं, उनकी भी समीक्षा की जाएगी और जैसे ही हमें भरोसा होगा कि वैश्विक स्थिति सामान्य हो गई है, उन्हें धीरे-धीरे शिथिल किया जाएगा।÷

होर्मुज जलडमरूमध्य से वैश्विक तेल खपत का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है। यह सऊदी अरब, इराक, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) एवं कतर जैसे प्रमुख उत्पादकों का मुख्य निर्यात मार्ग है, जो भारत के प्रमुख ऊर्जा आपूर्तिकर्ता भी हैं।

फरवरी के अंत में संघर्ष शुरू होने के बाद इस मार्ग से कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई जिससे कच्चे तेल की कीमतों, बीमा प्रीमियम और माल भाड़ा दरों में तेज वृद्धि हुई।

हालात से निपटने के लिए सरकार ने एलपीजी (आपूर्ति एवं वितरण विनियमन) आदेश लागू कर जमाखोरी एवं काला बाजारी पर नियंत्रण के निर्देश दिए थे। साथ ही, रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने और सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों को भंडार प्रबंधन मजबूत करने के निर्देश दिए गए थे।

सरकार ने घरेलू गैस आपूर्ति में भी प्राथमिकता तय करते हुए शहरी गैस वितरण, उर्वरक क्षेत्र और आवश्यक सेवाओं को वरीयता दी थी, जबकि कम महत्वपूर्ण औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति सीमित करने की तैयारी की गई थी।

अधिकारी ने कहा कि ये सभी कदम एहतियात के तौर पर उठाए गए थे ताकि रणनीतिक ईंधन भंडार सुरक्षित रखा जा सके और आवश्यक उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

इस बीच, कच्चे तेल की वैश्विक कीमतें हाल के दिनों में गिरकर करीब 78 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई हैं। युद्ध के दौरान कच्चे तेल की कीमतें फरवरी के 70-72 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 119 डॉलर तक पहुंच गई थीं।

देश में पेट्रोल और डीजल के खुदरा दाम अब भी अंतरराष्ट्रीय स्तर की तुलना में कम हैं। सरकार ने 27 मार्च को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की थी। विधानसभा चुनावों के बाद पेट्रोल-डीजल के दाम करीब 7.50 रुपये प्रति लीटर बढ़ाए गए, जबकि सीएनजी और एलपीजी की कीमतों में भी वृद्धि की गई।

इसके बावजूद, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों को अभी भी प्रतिदिन लगभग 550 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।

# प्रधानमंत्री 20 जून को 9.44 करोड़ किसानों को 18,880 करोड़ रुपये की किस्त जारी करेंगे

नई दिल्ली, (भाषा)।

***प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जून को पश्चिम बंगाल से 'पीएम-किसान योजना' के तहत किस्त जारी करेंगे, जिससे देश भर के 9.44 करोड़ से ज्यादा किसान लाभार्थियों को सीधे 18,880 करोड़ रुपये मिलेंगे।***



यह अंतरण इस पूर्वी राज्य के हुगली जिले के तारकेश्वर में प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान होगा।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अकेले पश्चिम बंगाल में 45.35 लाख से ज्यादा किसानों को कुल मिलाकर लगभग 907 करोड़ रुपये की किस्तें मिलेंगी।

चौहान ने एक बयान में कहा कि इसके साथ राज्य में इस योजना के तहत कुल वितरण 15,055 करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगा, जबकि वर्ष 2019 में इस योजना की शुरुआत के बाद से राष्ट्रीय स्तर पर कुल वितरण 4.46 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगा।

चौहान ने कहा कि किसानों को राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिए भेजी जाएगी, जिससे ''छोटे और सीमांत किसानों की आय सुरक्षा मजबूत होगी।''

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीआई) और पुनर्गठित मौसम-आधारित फसल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) की भी शुरुआत करेंगे। इन योजनाओं पर कुल मिलाकर लगभग 12,200 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2026-27 के दौरान लगभग 30 लाख हेक्टेयर जमीन पर खेती करने वाले करीब 1.10 करोड़ किसानों को फसल बीमा कवच देना है, जिसमें लगभग 28,140 करोड़ रुपये मूल्य की फसलें शामिल होंगी।

डिजिटल कृषि मिशन के तहत, प्रधानमंत्री राज्य में 'एग्री-टेक' मंच शुरू करेंगे, जो उर्वरक वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड, डीबीटी सेवाओं और एमएसपी-आधारित सरकारी खरीद के लिए एक एकीकृत मंच के रूप में काम करेगा।

मोदी राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की भी शुरुआत करेंगे जिसके तहत वर्ष 2026-27 के दौरान पश्चिम बंगाल में 17,300 हेक्टेयर में फैले 346 प्राकृतिक खेती 'क्लस्टर' स्थापित किए जाएंगे। इस पहल से 43,250 किसानों को बायो-बेस्ड इनपुट, ट्रेनिंग और मार्केट लिंकेज का फायदा मिलने की उम्मीद है। इसमें बायो-रिसोर्स सेंटर और 'कृषि सखियों' का सहयोग मिलेगा।

वह पुरुलिया, दार्जिलिंग, अलीपुरद्वार और झाड़ग्राम जिलों में 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' भी शुरू करेंगे। इसका मकसद खेती की पैदावार बढ़ाना, फसलों में विविधता लाना और कटाई के बाद के बुनियादी ढांचे (जैसे भंडारण और प्रसंस्करण सुविधाओं) को बेहतर बनाना है। मोदी पीएमजीएसवाई-ढ्ढढ्ढ के तहत 213 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत वाली 49 सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जो 315 किलोमीटर से ज्यादा लंबी होंगी। इन सड़कों का मकसद ग्रामीण संपर्क सुविधा को बेहतर बनाना, किसानों को बाजार तक पहुँचने में मदद करना और दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच आसान बनाना है।

इस कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के गवर्नर आर.एन. रवि, मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह, अश्विनी वैष्णव, शांतनु ठाकुर और सुकांत मजूमदार भी मौजूद रहेंगे। देश भर से एक करोड़ से ज्यादा किसानों के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्य कार्यक्रम से जुड़ने की उम्मीद है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस में प्रमुख कंपनियों के सीईओ से मुलाकात की, निवेश पर चर्चा

पेरिस, (भाषा)।

***प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कई कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात कर भारत में निवेश अवसरों और विस्तार योजनाओं पर चर्चा की। प्रधानमंत्री से मुलाकात करने वाले मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों से संबंधित हैं।***

इनमें टिकाऊ निर्माण, परिवहन और कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र शामिल हैं। फ्रांस की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दो दिनों में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित कई विश्व नेताओं के साथ बातचीत की।

प्रधानमंत्री से बृहस्पतिवार को पेरिस में मिलने वालों में सीएमए सीजीएम के चेयरमैन एवं सीईओ रोडोल्फसादे शामिल थे, जिनके साथ समुद्री परिवहन, लॉजिस्टिक और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर केंद्रित चर्चा हुई।

सादे ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ÷हमने विकास से जुड़े वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की, जिन्हें हम अंततः भारत में लागू कर सकते हैं। हमने जहाज विनिर्माण, जहाज पुनर्चक्रण, गहरे समुद्री बंदरगाहों के साथ-साथ कंटेनर विनिर्माण पर भी चर्चा की।÷

उन्होंने कहा, ÷मुझे लगता है कि फ्रांस और भारत के पास सहयोग जारी रखने और नए साझेदारियां बनाने की बहुत संभावनाएं हैं। हमारी ओर से हम भारत के साथ साझेदारी को बहुत अच्छा मानते हैं और मेरा मानना है कि शिपिंग और लॉजिस्टिक के क्षेत्र में हम और अधिक काम कर सकते हैं।÷

उन्होंने आगे कहा, ÷मेरा मानना है कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारत की बड़ी भूमिका है। अब हम भारत में कंटेनर जहाज बनाने की स्थिति में हैं, जो निश्चित रूप से एक सकारात्मक कदम है। भारत का भविष्य अब आकार ले रहा है।÷

विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने समूह की भारत में मजबूत और निरंतर बढ़ती उपस्थिति को रेखांकित किया।

विदेश मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री ने सेंट-गोबेन के चेयरमैन एवं सीईओ बेनोआ बाजिन से मुलाकात की।

इस दौरान निर्माण सामग्री क्षेत्र में अवसरों पर चर्चा हुई, जिसमें विशेष रूप से टिकाऊपन पर खास जोर दिया गया।

मंत्रालय ने बताया कि बाजिन ने भारत में निवेश बढ़ाने और विस्तार करने की अपनी योजनाएं साझा की हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एल्सटॉम के सीईओ मार्टिन सियॉन से भी मुलाकात की और परिवहन एवं रेल आधुनिकीकरण से जुड़े अवसरों पर चर्चा की।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत में एल्सटॉम के महत्वपूर्ण निवेश और विनिर्माण उपस्थिति का उल्लेख किया, जो रोजगार सृजन और देश के रेल क्षेत्र के विकास में योगदान दे रहे हैं।

सियॉन ने भारत में भविष्य में विस्तार और निवेश की अपनी योजनाएं साझा कीं।

इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मिस्ट्रल एआई के सह-संस्थापक एवं सीईओ आर्थर मेंश से भी मुलाकात की और भारत के तेजी से बढ़ते कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र में अवसरों को रेखांकित किया।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, मेंश ने भारत के साथ सहयोग में गहरी रुचि व्यक्त की और भारतीय कंपनियों के साथ साझेदारी कर नवाचार को बढ़ावा देने तथा एआई क्षमताओं के विस्तार की इच्छा जताई।

# टाटा मोटर्स दिल्ली-एनसीआर में पुराने ट्रक-बस बदलने पर छूट देने की सरकारी योजना में शामिल

नई दिल्ली, (भाषा)।

***टाटा मोटर्स दिल्ली-एनसीआर में पुराने ट्रकों और बसों को बदलने के लिए छूट प्रदान करने की सरकार की योजना में शामिल हो गई है। एक अधिकारिक बयान में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई।***




बयान में कहा गया कि दिल्ली-एनसीआर में पुराने ट्रकों और बसों को बदलने की भारत सरकार की योजना के तहत सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और टाटा मोटर्स के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौते के तहत, वाहन विनिर्माता कंपनी इस योजना के अंतर्गत खरीदे जाने वाले पात्र ट्रकों और बसों की शोरूम कीमत पर आठ प्रतिशत की छूट प्रदान करेगी।

बयान में आगे कहा गया कि इलेक्ट्रिक वाहन के लिए यह छूट उसी श्रेणी के सकल वाहन वजन वाले आंतरिक दहन इंजन यानी पेट्रोल/डीजल वाहन पर लागू होने वाली राशि के बराबर होगी।

आधिकारिक बयान के मुताबिक, भाग लेने वाले मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) द्वारा दी जाने वाली आठ प्रतिशत की छूट के अलावा, केंद्र सरकार पांच साल की अवधि के लिए पांच प्रतिशत ब्याज सहायता और निश्चित मासिक ईंधन कूपन प्रदान करेगी।

इसमें कहा गया कि भाग लेने वाली राज्य सरकारें इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को 10 वर्षों तक मोटर वाहन कर में 100 प्रतिशत तक छूट और पंजीकरण शुल्क में छूट भी देंगी।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# सुने मकान से चोरी के मामले में 2 आरोपित गिरफ्तार, सोने चांदी के जेवरात के साथ नगदी मशरूका जप्त..





जगप्रेरणा लांजी।

*लांजी नगर के वार्ड क्रमांक 06 मरार मोहल्ला निवासी रूपेश पिता बुधराम बड़में कैटरिंग का कार्य करते है। आपने थाना लांजी में घर में हुई चोरी की सूचना दी थी कि 30 मई को*

उनके सूने मकान में अज्ञात चोरो के द्वारा सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी चोरी की गई है।फरियादी रूपेश बडमें ने पुलिस मे दर्ज शिकायत के आधार पर बताया कि शनिवार 30 मई को रूपेश बड़में अपने दोपहिया वाहन के सुधार कार्य के लिए घर से कुछ रुपये लेने पहुंचे। जैसे ही उन्होंने अलमारी खोली, सामने का मंजर देखकर उनके होश उड़ गए। अलमारी में रखे गुल्लक से करीब 15 हजार रुपये सहित अन्य स्थानों पर रखी नगदी गायब थी।

वहीं आलमारी में रखे जेवरात जिसमें सोने की अंगूठी एक नग, सोने का गले हार पेण्डल सहित 1 नग, सोने का ॐ लॉकेट 01 नग, सोने की कान की बालियॉ 01 जोड़ी, सोने की चैन 01 जोड़ी, सोने की डोरला मनी 01 नग, कुल मिलाकर करीब 4 से 5 लाख रूपये की जेवरात चोरी होना बताया गया। जिस आधार पर लांजी पुलिस ने तहकीकात प्रारंभ करते हुये दो आरोपियों को हिरासत मे लेकर पुछताछ की है।

इस पूरे घटना क्रम को लेकर लांजी पुलिस के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बालाघाट जिले में चोरी जैसे अपराधों पर सख्ती से निपटने के लिए पुलिस अधीक्षक, आदित्य मिश्रा के विशेष निर्देशों के अनुपालन में लांजी थाना पुलिस ने यह उल्लेखनीय कार्यवाही की। थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया। फरियादी रूपेश बडमें के द्वारा दर्ज रिपोर्ट के आधार पर लांजी पुलिस ने जांच प्रारंभ की तथा थाना प्रभारी लांजी दीपसिंह परमार के निर्देशन में तुरंत विशेष टीम गठित की गई। टीम ने क्षेत्र में सघन छानबीन, मुखबिरों के जरिए सूचना जुटाने और आसपास के इलाकों में सर्च अभियान चलाया।

टीम को सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति सुजुकी एक्सेस स्कूटी पर सवार होकर लांजी सराफा बाजार के आसपास सोने की अंगूठी बेचने की कोशिश कर रहे हैं। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए विकास बड़मे (24 वर्ष, निवासी ग्राम पूर्वाटोला, लांजी) और मनीष नागेन्द्र (19 वर्ष, निवासी लांजी) को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की घटना कबूल ली। उन्होंने बताया कि घटना वाले दिन उन्होंने फरियादी के मकान के पीछे वाले दरवाजे से प्रवेश किया और आलमारी का ताला तोड़कर सोने के आभूषण व नकदी चुराई थी।

लांजी पुलिस ने दोनों ही आरोपियों के विरूद्ध दर्ज अपराध क्रमांक अपराध क्रमांकः 213/2026 धाराः 331(4), 305 (ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीकृत किया गया है। दोनो ही आरोपी विकास बड़मे, 24 वर्ष, ग्राम पूर्वाटोला, लांजी, मनीष नागेन्द्र, 19 वर्ष, लांजी को हिरासत में लिया गया तथा आरोपियों के पास से 100 प्रतिशत मशरूका रिकवरी की गई है। जिसमें सोने की अंगूठी एक नग, सोने का गले हार पेण्डल सहित 1 नग, सोने का ॐ लॉकेट 01 नग, सोने की कान की बालियॉ 01 जोड़ी, सोने की चैन 01 जोड़ी, सोने की डोरला मनी 01 नग तथा 15 हजार रूपये नगदी कुल 4 लाख 15 हजार का मशरूका तथा एक स्कूटी आरोपियों के पास से जप्त कर आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी लांजी, उनि. दीपसिंह परमार और सउनि. तोपसिंह उइके, आरक्षक, महिला आरक्षक मुखबिर तंत्र आदि की सराहनीय भूमिका रही पुलिस अधीक्षक बालाघाट के निर्देशानुसार जिले में चोरी-डकैती जैसे अपराधों पर सतर्क नजर रखी जा रही है। लांजी थाना पुलिस की इस कार्यवाही से स्थानीय नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है।

# संत कबीरदास के विचार आज भी प्रासंगिक, देवलगांव में जयंती पर याद किए गए साहेबजी

## शोभायात्रा, चौका आरती,भजन पूजन से हुई आराधना..



जगप्रेरणा लांजी।

*क्षेत्र के ग्राम देवलगांव में संत शिरोमणि कबीरदास जी के प्रगट दिवस के अवसर पर गुरुवार 18 जून को पंथ प्रेमियों द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।*

कार्यक्रम हनुमान मंदिर खड़ी गली में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं पंथ प्रेमियों ने सहभागिता कर संत कबीरदास जी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं द्वारा निकाली गई कलश शोभायात्रा से हुई। शोभायात्रा में श्रद्धालु संत कबीरदास जी के जयकारे लगाते हुए भक्ति भाव के साथ शामिल हुए। इसके पश्चात गुरु महिमा पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें संत कबीरदास जी के जीवन, उनके आध्यात्मिक संदेशों तथा मानव कल्याण के लिए दिए गए उपदेशों का स्मरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अमीन माता मंडल द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए। भक्ति गीतों और कबीर वाणी से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। इसके बाद श्रद्धालुओं ने चौका आरती में भाग लेकर संत कबीरदास जी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच पान परवाना वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से महंत श्री नरोत्तम साहेब जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं ग्राम के पंथ प्रेमियों में नीलचंद हरिनखेड़े, कोमलचंद टेंभरे, नंदकिशोर टेंभरे, नोहरलाल टेंभरे, नन्हुलाल टेंभरे, मोहन राहंगडाले, श्रीराम राहंगडाले, धनलाल राहंगडाले, लालचंद राहंगडाले, वासुदेव राहंगडाले, उमेंद्र हरिनखेड़े, सोमेश्वर हरिनखेड़े, उमाशंकर टेंभरे, देवलाल टेंभरे, येवक ठाकरे, छदनलाल टेंभरे, जगतराम टेंभरे, कवडूलाल ठाकरे एवं उरकुड़ी ठाकरे सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। अमीन माता मंडल की ओर से श्रीमती ममता टेंभरे, श्रीमती जयवंता, श्रीमती पुष्पा टेंभरे, श्रीमती ममता हरिनखेड़े तथा श्रीमती कला ठाकरे सहित अन्य महिलाओं ने कार्यक्रम को भ्फल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने संत कबीरदास जी के समरसता, मानवता, प्रेम और सद्भाव के संदेशों को वर्तमान समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। पूरे आयोजन में भक्ति, श्रद्धा और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# सेन शक्ति महासंघटन में विधान सभावार पदाधिकारी नियुक्त..

## संतोष श्रीवास को संभाग अध्यक्ष की जिम्मेदारी..





जगप्रेरणा लांजी।

*सेन शक्ति महा संगठन ने बालाघाट जिले में संगठनात्मक मजबूती और समाजसेवा गतिविधियों को नई दिशा देने के उद्देश्य से तहसील/ विधानसभा व जिला स्तर पर*

कई महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की हैं। कोर कमेटी की सहमति तथा प्रदेश अध्यक्ष राजेश्वर सेन (जबलपुर), संभाग अध्यक्ष संतोष श्रीवास (जबलपुर) और जिला संयोजक डॉ. भुवनेश्वर भारद्वाज की उपस्थिति में लिए गए निर्णय के अनुसार संगठन ने समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं को अध्यक्षता के दायित्व सौंपे हैं। जिला संयोजक डॉ. भुवनेश्वर भारद्वाज ने नए नियुक्त अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि इनके नेतृत्व में जिले में संगठन की गतिविधियाँ और अधिक प्रभावी व समन्वित होंगी। संभाग अध्यक्ष संतोष श्रीवास–जो मध्य प्रदेश शासन के शिल्पी बोर्ड के प्रतिनिधि तथा नगर परिषद लांजी के प्रतिनिधि भी हैं–ने भी इन नियुक्तियों का स्वागत किया और संगठन की सामाजिक परियोजनाओं में तेजी आने की अपेक्षा व्यक्त की। संगठन ने नियुक्ति पत्र में स्पष्ट किया है कि ये नियुक्तियाँ समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सांस्कृतिक संरक्षण जैसे क्षेत्रों में किए गए सार्थक कार्यों तथा समर्पण के आधार पर की गई हैं। पत्र में उल्लेख है कि नियुक्त अधिकारी संगठन के संविधान का पालन करते हुए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्व निभाएँगे तथा संगठन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

डॉ. भुवनेश्वर भारद्वाज, जिला संयोजक, बालाघाट ने इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नए अध्यक्ष के नेतृत्व में जिले में संगठन की गतिविधियां और अधिक प्रभावी होंगी। संभाग अध्यक्ष संतोष श्रीवास (जो मध्य प्रदेश शासन के शिल्पी बोर्ड के प्रतिनिधि तथा नगर परिषद लांजी के प्रतिनिधि भी हैं) ने भी इस नियुक्ति का स्वागत किया। यह नियुक्ति सेन समाज के कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार कर रही है। संगठन के पदाधिकारियों का मानना है कि समाज की सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सांस्कृतिक संरक्षण जैसे क्षेत्रों में नए अध्यक्ष के मार्गदर्शन में बेहतर कार्य होंगे।

सेन शक्ति महा संगठन ने जिले में विधानसभावार अध्यक्षों की नियुक्ति की है जिसमें राकेश श्रीवास अध्यक्ष विधानसभा लांजी, लक्ष्मण श्रीवास नगर संयोजक नगर परिषद् लांजी, चैनलाल श्रीवास संयोजक विधानसभा लालबर्रा, यशवंतराव लक्षणे संयोजक विधानसभा वारासिवनी, नंदलाल भारद्वाज ग्रामीण अध्यक्ष विधानसभा लांजी, चन्द्रकुमार श्रीवास अध्यक्ष विधानसभा तिरोडी, गुरु श्रीवास अध्यक्ष बिरसा-मलाजखण्ड, विजय श्रीवास अध्यक्ष विधानसभा लांजी-किरनापुर, सुशील उइके अध्यक्ष विधानसभा खैरलांजी, ताराचन्द सेन अध्यक्ष विधानसभा बालाघाट (भरवेली), रमेश सेन अध्यक्ष विधानसभा बालाघाट, शुभम श्रीवास जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ विधानसभा बालाघाट को नियुक्त किया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में

## सीधे प्रसारण के साथ मनाया जाएगा योग दिवस..







जगप्रेरणा लांजी।

*करो योग रहो निरोग के साथ आगामी 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन होना है। जिसके तहत लांजी नगर के शासकीय उत्कृष्ट*

विद्यालय प्रांगण में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य आयोजन आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी सहभागी गण की उपस्थिती प्रातः 06 बजे, अतिथियों का उद्बोधन, कार्यक्रम का उद्घाटन, राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण, मा. प्रधानमंत्री जी का उद्बोधन, योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग अभ्यास किया जायेगा। विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा समस्त जनों से उक्त योग अभ्यास कार्यक्रम में उपस्थिती की अपील की गई है। योग करो, रोज करो, योग से रोग दुर करो।

# लोक कल्याण शिविरों में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*राज्य शासन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 तक संचालित विशेष अभियान के तहत जिले में आयोजित लोक कल्याण शिविरों की प्रगति की समीक्षा गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में की गई।*

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण एवं पोर्टल पर उनकी प्रविष्टि की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफभी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना, पीएम सूर्य घर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, लखपति दीदी योजना, वीबी-जी-रामजी योजना सहित विभिन्न विभागों की कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदनों का शीघ्रता से निपटारा किया जाए तथा उनकी जानकारी समय पर पोर्टल पर दर्ज की जाए।

कलेक्टर ने लोक कल्याण शिविरों के दौरान प्राप्त सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम से संबंधित आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

बैठक में नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों में आयोजित लोक कल्याण शिविरों में प्राप्त आवेदनों, उनके निराकरण तथा पोर्टल एंट्री की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को समय पर राशि भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के विशेष अभियान के अंतर्गत 12 से 18 जून तक जिले के सभी विकासखंडों एवं नगरीय निकायों में लोक कल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य आमजन तक केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

# मृदा परीक्षण कार्य में तेजी लाने के निर्देश, एसडीएम ने की प्रयोगशाला की सराहना..





जगप्रेरणा बैहर।

*बैहर के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री अर्पित गुप्ता ने गुरुवार को बैहर स्थित मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रयोगशाला की साफ-सफाई, व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली का*

अवलोकन किया तथा प्रयोगशाला में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान श्री गुप्ता ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक किसानों के खेतों की मिट्टी के नमूनों का परीक्षण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए, ताकि किसानों को शीघ्रता से मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराए जा सकें। उन्होंने कहा कि मृदा परीक्षण के आधार पर किसानों को फसलों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों एवं उर्वरकों की सही जानकारी मिलती है, जिससे खेती की लागत कम होती है और उत्पादन में वृद्धि होती है। इसलिए मृदा परीक्षण कार्य को प्राथमिकता के साथ संपादित किया जाए तथा किसानों को इसके प्रति जागरूक भी किया जाए। एसडीएम श्री गुप्ता ने प्रयोगशाला के कर्मचारियों से परीक्षण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने में सहायता मिलेगी तथा कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं प्रयोगशाला कर्मचारी उपस्थित रहे।




विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# सम्राट सिंह सरसवार की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में हुई योजनाओं की हुई समीक्षा..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***जिला पंचायत बालाघाट के सभागार में गुरुवार 18 जून को जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं,***



जनकल्याणकारी कार्यक्रमों तथा विभागीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष योगेश राजा लिल्हारे, विभिन्न समितियों के सभापति, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा से हुई। इसके बाद स्वास्थ्य, कृषि, सहकारिता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) तथा सिंचाई विभाग सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े मुद्दे उठाते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सरसवार ने जिले के अस्पतालों में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा जिले में 52 स्थायी मेडिकल अधिकारियों की पदस्थापना की गई है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा। अध्यक्ष ने आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही वर्षा ऋतु में सर्पदंश के मामलों को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध रखने पर जोर दिया। विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में विषरोधी दवा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उपसंचालक कृषि ने बताया कि जिले में मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के अंतर्गत मृदा परीक्षण के लक्ष्य पूरे किए जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 19 जून को मुरझड़ कृषि महाविद्यालय तथा 20 जून को राणा हनुमान सिंह कृषि विज्ञान केंद्र में कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष ने किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद एवं बीज उपलब्ध कराने तथा नकली खाद-बीज बेचने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि डीएसआर तकनीक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने से भू-जल संरक्षण के साथ-साथ भूमि की उर्वरता में भी वृद्धि होगी। सुपर सीडर मशीन के उपयोग के अच्छे परिणाम सामने आए हैं तथा इस पर किसानों को 40 प्रतिशत तक अनुदान भी दिया जा रहा है। सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष ने सेवा सहकारी समितियों में सामने आए भ्रष्टाचार संबंधी मामलों में की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएपी एवं यूरिया की कीमतों में अंतर, किसानों को खाद वितरण में आने वाली तकनीकी समस्याओं तथा समितियों में सर्वर डाउन होने जैसी शिकायतों पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को इन समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए।

पीएचई विभाग की समीक्षा के दौरान नल-जल योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव को लेकर चर्चा हुई। अध्यक्ष ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों को योजनाएं हस्तांतरित की जा चुकी हैं, वहां कई स्थानों पर समस्याएं सामने आ रही हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जिले में जल निगम की 71 योजनाएं संचालित हैं और अधिक ग्रामों को इन योजनाओं से जोडने़ के लिए प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं।

बैठक में अवैध रेत उत्खनन के कारण नदियों के घटते जलस्तर पर भी चिंता व्यक्त की गई। सिंचाई विभाग की समीक्षा में नहरों की साफ-सफाई और मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

सभापति डुलेंद्र ठाकरे ने वैनगंगा नदी के जल संरक्षण एवं संग्रहण की दीर्घकालिक योजना तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया। अधिकारियों ने इस संबंध में सर्वेक्षण कर प्रस्ताव शासन को भेजने का आश्वासन दिया।

बैठक में जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, विकास कार्यों में तेजी लाने तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

# बाघ नदी के बड़े पुल के नीचे मिली अज्ञात युवक की लाश, क्षेत्र में सनसनी

**अमन राउत, जगप्रेरणा रजेगांव।**

***रजेगांव पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बाघ नदी के बड़े पुल के नीचे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय नागरिकों की मदद से***





पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद शव को नदी के पानी से बाहर निकाला गया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी चोट या संघर्ष के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नदी में शव दिखाई देने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। पुलिस ने लोगों की सहायता से शव को बाहर निकालकर पहचान संबंधी प्रयास शुरू कर दिए हैं। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है, जिसके चलते पुलिस द्वारा शव की तस्वीरें एवं हुलिया विभिन्न माध्यमों, विशेषकर सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुपों के जरिए साझा किए जा रहे हैं, ताकि जल्द से जल्द उसकी शिनाख्त हो सके।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति मृतक को पहचानता हो या उसके संबंध में कोई जानकारी रखता हो तो तत्काल रजेगांव पुलिस चौकी अथवा निकटतम पुलिस थाने से संपर्क करे। पहचान होने पर मृतक के परिजनों तक सूचना पहुंचाने और मामले की जांच में महत्वपूर्ण सहायता मिल सकेगी।

घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं, वहीं पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। फिलहाल अज्ञात शव की पहचान पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है।

## जनहित में अपील:

यदि आप इस व्यक्ति को पहचानते हैं या उसके संबंध में कोई जानकारी रखते हैं, तो कृपया तुरंत रजेगांव पुलिस चौकी से संपर्क करें। आपकी एक सूचना किसी परिवार को अपने लापता सदस्य तक पहुंचाने में मददगार साबित हो सकती है।

# खो-खो खेल शिविर आरोह 2026 का उत्साहपूर्ण समापन

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***मूलना स्टेडियम के नव-निर्मित खो-खो मैदान में आयोजित ग्रीष्मकालीन खो-खो खेल शिविर 'आरोह 2026' का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।***





वहीं छात्र शक्ति संगठन के अध्यक्ष राज उपवंशी विशिष्ट अतिथि तथा सीनियर फुटबॉल कोच नईम खान, कार्यालय प्रभारी योगेंद्र पटले, जिला खेल कराते प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन, खेलो इंडिया कोच आशु पंवार, ब्लॉक युवा समन्वयक लव कुमार नगपुरे, केदारनाथ ठाकरे एवं धीरज डोंगरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। समापन अवसर पर खिलाड़ियों के बीच मैत्री मैच का आयोजन किया गया। रोमांचक मुकाबले में जय भवानी क्लब ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शिव शक्ति टीम उपविजेता रही। मैच के उपरांत सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यंत लोकप्रिय खेल खो-खो को पहली बार मूलना स्टेडियम के आरोह 2026 खेल शिविर में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों से खिलाड़ियों की बड़ी संख्या में सहभागिता को देखते हुए इस खेल को शिविर का हिस्सा बनाया गया।शिविर के दौरान प्रशिक्षक सतीश लिल्हारे ने खिलाड़ियों को नियमित रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया, जिससे प्रतिभागियों के खेल कौशल में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। समारोह के दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के माध्यम से अनुशासन, टीम भावना और शारीरिक विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षक सतीश लिल्हारे ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। खेल भावना और उत्साह से भरपूर इस आयोजन के सफल समापन के साथ खिलाड़ियों ने भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया।

# तीन साल की मेहनत से बदली जिंदगी, आम के बगीचे ने दी खुशहाली की नई पहचान

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***सफलता केवल बड़े संसाधनों से नहीं, बल्कि मजबूत संकल्प, निरंतर मेहनत और सही मार्गदर्शन से भी हासिल की जा सकती है। इसका प्रेरणादायक उदाहरण हैं विकासखंड परसवाड़ा के ग्राम कलेगांव के कृषक***







श्री खुशलाल एड़े, जिन्होंने तीन वर्ष पहले अपने खेत में लगाए गए आम के पौधों को आज एक विकसित और फलदार बगीचे में बदल दिया है। तीन साल पहले उद्यानिकी विभाग की अधिकारी श्रीमती चांदनी रहांगडाले के मार्गदर्शन में खुशलाल एड़े ने अपने खेत में 100 आम के पौधे लगाए थे। उस समय यह केवल एक सपना था, लेकिन किसान की लगन, धैर्य और निरंतर देखभाल ने इस सपने को साकार कर दिया।

जो खेत कभी सामान्य कृषि भूमि के रूप में जाना जाता था, आज वहां हरियाली और फलदार वृक्षों की मनमोहक छटा दिखाई देती है। खुशलाल ने अपने बगीचे में दशहरी, आम्रपाली और लंगड़ा प्रजाति के आम के पौधे लगाए हैं। पौधारोपण के बाद उन्होंने नियमित सिंचाई, खाद प्रबंधन और संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया। परिणामस्वरूप पौधे तेजी से विकसित हुए और इस वर्ष लगभग 30 पौधों ने फल देना शुरू कर दिया है।

किसान खुशलाल एड़े बताते हैं कि शुरुआत में यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य था, लेकिन उन्होंने कभी हिम्मत नहीं हारी। उनका मानना है कि ÷मेहनत के बीज जब विश्वास की मिट्टी में बोए जाते हैं, तो समय उन्हें सफलता के फलदार वृक्षों में बदल देता है।÷ आज उनका बगीचा न केवल अतिरिक्त आय का स्रोत बन रहा है, बल्कि आसपास के किसानों के लिए भी प्रेरणा का केंद्र बन गया है।

उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन और किसान की मेहनत ने यह साबित कर दिया है कि यदि वैज्ञानिक तरीके से बागवानी को अपनाया जाए तो कम समय में बेहतर आर्थिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। खुशलाल एड़े की यह सफलता कहानी ग्रामीण किसानों के लिए एक संदेश है कि खेती में नवाचार और धैर्य भविष्य की खुशहाली का मजबूत आधार बन सकते हैं। एक पौधे से शुरू हुआ सफर, आज खुशहाली और आत्मविश्वास की पहचान बन चुका है।

# लालबर्रा महाविद्यालय में शासकीय योजनाओं पर जनजागरूकता एवं व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

**जगप्रेरणा लालबर्रा।**







शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में 12 जून से 18 जून 2026 तक विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अभियान के अंतर्गत शासकीय योजनाओं से संबंधित जनजागरूकता एवं व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सुमन बरवा ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने विद्यार्थियों से शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने तथा जागरूक नागरिक बनने का आह्वान किया।

व्याख्यान के दौरान डॉ. संगीता मेश्राम एवं डॉ. देवराज चैरे ने विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री मेधावी योजना, विद्यार्थी आवास योजना, अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, गांव की बेटी योजना, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), रेड रिबन क्लब तथा निःशुल्क स्टेशनरी एवं पुस्तक वितरण जैसी महत्वपूर्ण शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं लाभों के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने योजनाओं से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका समाधान उपस्थित प्राध्यापकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता एवं उपस्थिति रही।

इस अवसर पर डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे, डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम, श्री नरेश सौलाखे, श्रीमती संध्या भलावे, श्री मनीष शिवहरे, डॉ. आशा कारे, श्रीमती अनिभा शरणागत, डॉ. आरती विश्वकर्मा, श्री दीपक अहिरवार, श्रीमती सरिता ऐड़े, श्री रामदयाल मथारे, श्री लकेश गेडाम, श्रीमती वंदना कुर्वे, श्री मिनेश पंचेश्वर, श्री निशांत तलवरे सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन से विद्यार्थियों में शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा उन्हें विभिन्न शैक्षणिक एवं कल्याणकारी योजनाओं की उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई।

# कृषि महाविद्यालय बालाघाट के दो विद्यार्थियों का राष्ट्रीय संस्थानों में चयन

**जगप्रेरणा बालाघाट।**



कृषि महाविद्यालय, बालाघाट के लिए यह अत्यंत गर्व और खुशी का विषय है कि महाविद्यालय के दो मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर देश के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है।

महाविद्यालय के विद्यार्थी श्री मानव मुरझानी का चयन इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट, आनंद (आईआरएमए), गुजरात तथा श्री दर्शन शर्मा का चयन चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान (सीसीएस एनआईएएम), जयपुर, राजस्थान में हुआ है। दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है।

इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. घनश्याम देशमुख ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कठिन मेहनत, दृढ़ संकल्प, लगन एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत और पारिवारिक गौरव का विषय है, बल्कि कृषि महाविद्यालय, बालाघाट की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं प्रतिष्ठा को भी राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान प्रदान करती है।

महाविद्यालय परिवार ने दोनों विद्यार्थियों को इस उल्लेखनीय सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं वैज्ञानिकों–डॉ. सुरेन्द्र राय, डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. शैलेन्द्र भलावे, डॉ. ऋषिकेश ठाकुर, डॉ. सुनील रजक, डॉ. विक्रम सिंह गौर, डॉ. रामकृष्ण सिंह सोलंकी, डॉ. उत्तम बिसेन, डॉ. पूजा गोस्वामी एवं डॉ. अमिता शर्मा ने भी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके सफल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों विद्यार्थी अपने ज्ञान, कौशल और नेतृत्व क्षमता के माध्यम से कृषि एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगे तथा राष्ट्रीय स्तर पर संस्थान, जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, रिसामा में 'होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड' विषय पर कार्यशाला आयोजित





जगप्रेरणा आमगांव।

*स्थानीय श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, रिसामा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के अंतर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीण मूल्यांकन को लेकर एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक*

कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह विशेष कार्यशाला विद्यार्थियों के होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड (**Holistic Progress Card - HPC**) विषय पर केंद्रित थी।

## ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन की विशेषज्ञ द्वारा मार्गदर्शन..

कार्यशाला की मुख्य वक्ता श्रीमती शिखा चौधरी थीं, जो विशेष रूप से ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन की ओर से विद्यालय में आमंत्रित की गई थीं। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों एवं प्रबंधन के साथ 'होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड' के महत्व तथा इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

## होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड क्या है?

कार्यशाला के दौरान श्रीमती शिखा चौधरी ने बताया कि पारंपरिक रिपोर्ट कार्ड की तरह अब विद्यार्थियों का मूल्यांकन केवल अंकों के आधार पर नहीं किया जाएगा। होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड के अंतर्गत विद्यार्थियों के निम्नलिखित तीन प्रमुख पहलुओं को ध्यान में रखते हुए 360 डिग्री मूल्यांकन किया जाएगा–

संज्ञानात्मक (**Cognitive**): बौद्धिक क्षमता एवं विषयों की समझ। भावात्मक (**Affective**): व्यवहार, भावनाएं एवं सामाजिक समन्वय। मनोशारीरिक (**Psychomotor**) : खेल, कला एवं अन्य व्यावहारिक कौशल।

इसके अतिरिक्त विद्यार्थी स्वयं का मूल्यांकन (**Self-Assessment**) तथा सहपाठियों का मूल्यांकन (**Peer Assessment**) करना भी सीखेंगे।

## विद्यालय प्रबंधन का दृष्टिकोण..

विद्यालय प्रशासन ने इस कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। उनका मानना है कि ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन जैसी प्रतिष्ठित संस्था के सहयोग से शिक्षकों को आधुनिक शिक्षा पद्धतियों को समझने में सहायता मिलेगी। इससे रिसामा क्षेत्र के विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की शिक्षा एवं उचित मूल्यांकन का लाभ प्राप्त होगा।

## स्वागत एवं मंच संचालन

कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती विनीता नायडू ने मुख्य वक्ता का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस संपूर्ण कार्यशाला का प्रभावी मंच संचालन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती श्रुति गुप्ता द्वारा किया गया।

## मुख्य वक्ता का मार्गदर्शन..

श्रीमती शिखा चौधरी ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि 'होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड' केवल एक प्रगति रिपोर्ट नहीं, बल्कि विद्यार्थी की संपूर्ण सीखने की प्रक्रिया का प्रतिबिंब है। अब विद्यार्थियों का मूल्यांकन केवल पाठ्यपुस्तक आधारित ज्ञान या अंकों के आधार पर नहीं, बल्कि उनके मानसिक, भावनात्मक, व्यवहारिक तथा सहशैक्षणिक गतिविधियों (खेल, कला आदि) में सहभागिता एवं कौशल के आधार पर भी किया जाएगा।

## प्राचार्या का संदेश..

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती स्मृति छपरिया ने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रकाशन संस्थाओं के विशेषज्ञों से प्राप्त प्रशिक्षण शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। विद्यालय सदैव आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## आभार प्रदर्शन..

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती वनिता उपाध्याय ने मुख्य वक्ता श्रीमती शिखा चौधरी, विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्या तथा सभी शिक्षकों का इस ज्ञानवर्धक कार्यशाला को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# निगेटिव रक्त देकर निभाया मानव धर्म, रक्तवीर अंकित कुलकर्णी के मानवीय कार्य की शहर भर में सराहना..




जगप्रेरणा गोंदिया।

*कटंगी कला निवासी 15 वर्षीय बालिका लावण्या शिवप्रसाद नागरिकर की तबीयत अचानक खराब होने के कारण उसे इलाज के लिए गोंदिया के शुभ हॉस्पिटल*

(डॉ. साबू) में भर्ती कराया गया था। जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि लावण्या के शरीर में खून की अत्यधिक कमी है और उसे तत्काल (ओ-नेगेटिव) रक्त की आवश्यकता है। चूंकि यह रक्त समूह अत्यंत दुर्लभ (**Rare**) होता है और हजारों में किसी एक व्यक्ति का पाया जाता है, इस वजह से बच्ची के परिजन बेहद चिंतित हो गए और उन्होंने ब्लड बैंक व अन्य जगहों पर दौड़-भाग शुरू की।

## संकट के समय देवदूत बने 'रक्त मित्र'..

आपातकालीन स्थिति को देखते हुए परिजनों ने तत्काल शहर के सुप्रसिद्ध रक्त मित्र विनोद चांदवानी (गुड्डु) से संपर्क साधा। मामले की गंभीरता को समझते हुए विनोद चांदवानी ने बिना एक पल गंवाए अपनी नियमित ओ-नेगेटिव रक्तदाताओं की सूची को खंगाला और तत्काल रक्तवीर अंकित कुलकर्णी से संपर्क कर उन्हें स्थिति की संवेदनशीलता से अवगत कराया।

## तत्काल ब्लड बैंक पहुंचकर किया रक्तदान..

सूचना मिलते ही मानवता का परिचय देते हुए अंकित कुलकर्णी ने अपनी व्यस्तता को दरकिनार किया और बिना समय गंवाए सीधे लोकमान्य ब्लड बैंक पहुंचे। वहां उन्होंने ओ-नेगेटिव रक्तदान कर बच्ची की जान बचाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। उनके इस त्वरित और निस्वार्थ प्रयास के कारण समय पर बच्ची का इलाज संभव हो सका।

## प्रमाणपत्र देकर किया गया सम्मानित..

अंकित कुलकर्णी के इस प्रेरणादायक एवं मानवीय कार्य के लिए विनोद चांदवानी (गुड्डु), प्रदीप बिसेन, सुभाष पटले, सानिया जनबंधु और रश्मि एसेनपुरे द्वारा उन्हें सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस संकट की घड़ी से उबरने के बाद भावुक नागरिकर परिवार ने रक्तदाता अंकित कुलकर्णी तथा रक्त मित्र विनोद चांदवानी (गुड्डु) के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह कार्य समाज के लिए एक महान प्रेरणास्त्रोत है और ऐसे सजग रक्तवीरों के कारण ही आज जरूरतमंदों को नया जीवन मिल पा रहा है।

## डांगोरली नदी घाट पर घुमने गये युवक से मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 16/6/2026 के 9 बजे के दरम्यान डांगोर्ली मे फर्यादी शोभलाल धामडे अपने दोस्तो के साथ नदी किनारे घुमने गया था। जहा झाड के पास अपने मित्र के साथ खडा था। वही दोनो आरोपी ने आकर गालीगलौच की और एक आरोपी ने सर पर मोबाईल मारा और दुसरे ने मारपीट करने से दिये शिकायत पर पोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 333/2026 धारा 118, 352, 3, 5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा शरणागत 1503 पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### ट्रेन से गिरकर हुई युवक की मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 16/ 6/ 2026 के रात 9 बजे के दरम्यान गुदमा रेल्वे स्टेशन के पास मंगल कानाई सरेन उम्र 26 वर्ष निवासी बंगाल यह हावडा अमदाबाद रेल्वे ट्रेन मे गुजरात से अपने गाव जा रहा था। रेल्वे मे पेशाब करने जाते समय अचानक वह रेल्वे से गिरा और कटकर उसकी मौत हो गई। फर्यादी मानिक कोयाल उम्र 44 वर्ष निवासी बंगाल के बयान पर पोस्टे आमगांव मे अकस्मात मौत क्रमांक 30/2026 धारा 194, बि एन एस एस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा गजपुरे 02 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### तु संगीता से क्यो बात करता है बोलकर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 15/6/2026 के दोपहर 2 बजे के दरम्यान चांदनी चौक गोंदिया मे फर्यादी हरीश रामचंद्र अलवानी उम्र 40 वर्ष पानी का बिल भरने रेलटोली जा रहा था। रास्ते मे चांदनी चौक के पास आरोपी ने रोककर गाली गलौच की और कहा तु संगीता के घर जाना छोड दे उससे बात करना बंद कर दे बोलकर मारपीट की और यदि आज के बाद बात करते दिखा तो तुझे देख लुंगा धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 448/2026 धारा 117/2026 धारा 117,2,352,351,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा मलगाम 57 पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

### खेती के विवाद पर की भाई ने भाई की हत्या मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के केशोरी पुलिस थाना अंतर्गत खुन का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 17/6/2026 के 10 बजे के दरम्यान परसटोला मे मृतक मोहन मंगरू कवडो उम्र 47 वर्ष और आरोपी सगे भाई होकर दोनो भाई को पिता ने जमीन अलग अलग दि है, और कुछ जमीन अपने लिये रखी जिस जमीन पर मृतक खेती करता था। घटना के दिन भाई ने मृतक से कहा था की पिता की जमीन मुझे दे मृतक ने मना किया तो कुल्हाडी से मारकर उसका खुन कर दिया मृतक की पत्नी के दिये बयान पर पोस्टे केशोरी मे अपराध क्रमांक 108/2026 धारा 103,1, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोनी नि मंगेश काळे पोस्टे केशोरी कर रहे है।

# खमारी में मिट्टी टेस्टिंग अवेयरनेस कैंपेन, एग्रीकल्चर स्टूडेंट्स ने किसानों को गाइड किया..




जगप्रेरणा आमगांव।

*डॉ. पंजाबराव देशमुख एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, अकोला के तहत चलने वाले मनोहरभाई पटेल एग्रीकल्चरल कॉलेज, हीराटोला के फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स ने*

एग्रीकल्चरल एक्सपीरियंस प्रोग्राम के तहत खमारी गांव में मिट्टी के नमुने कलेक्शन और मिट्टी परीक्षण जनजागुती चलाया और किसानों को वैज्ञानिक खेती की अहमियत समझाई। छात्राओं जिया बिहाड़े, दामिनी पटले, गायत्री कवरे, ओमेश्वरी अंबिलधुके और काजल बड़वाइक ने इस पहल में एक्टिवली हिस्सा लिया। गांव के अलग-अलग खेतों से साइंटिफिक तरीके से मिट्टी के सैंपल इकट्ठा किए गए। इस कैंपेन का मेन मकसद किसानों को मिट्टी की फर्टिलिटी, फसलों के लिए ज़रूरी न्यूट्रिएंट्स की अवेलेबिलिटी और संतुलित खाद नियोजन के बारे में गाइड करना था।

स्टूडेंट्स ने किसानों को मिट्टी नमुने का वैज्ञानिक तरीका दिखाया। सैंपल इकट्ठा करने से पहले, ज़मीन पर जमा कचरा हटाया गया और एक '**V**' शेप का गड्ढा खोदा गया। उसके बाद, 15 से 30 सेंटीमीटर गहराई से मिट्टी इकट्ठा की गई और साफ बैग में भरकर ज़रूरत के हिसाब से लेबल किया गया। बताया गया कि अगर नमुने ठीक से लिया जाए तो मिट्टी की जांच के सही नतीजे मिल सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान भोलाराम मेश्राम समेत इलाके के कई किसान मौजूद थे छात्राओं ने किसानों की कई शंकाओं को दूर किया और कहा कि मिट्टी की जांच के आधार पर खाद का संतुलित इस्तेमाल करने से उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ उत्पादन मुल्य भी बचाई जा सकती है। यह क्रिया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस. सी. अवताड़े, कार्यक्रम समन्वयक के. आर. चव्हाण,विषय शिक्षक आर. आर. कोवे, कार्यक्रम अधिकारी एम. सी. भगत और सहसहायक एस. पी. उराडे के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक की गई।

मिट्टी की जांच से मिट्टी की स्वास्थ्य की स्थिति को समझना और फसलों की ज़रूरत के हिसाब से खाद का नियोजन करना मुमकिन होता है। छात्राओं की इस क्रिया से खमारी इलाके के किसानों में वैज्ञानिक खेती के बारे में जागरूकता पैदा करने में मदद मिली है और उन्हें खेती के आधुनिक तरीके अपनाने की प्रेरणा मिली है।

# शासकीय आवासीय विद्यालयों में मानदेय आधार पर सहायक शिक्षकों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग के अंतर्गत संचालित छत्रपति शिवाजी महाराज पब्लिक स्कूल (बालक आवासीय विद्यालय), अर्जुनी मोरगांव में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए घंटे के मानदेय (तासिका) आधार पर सहायक*

शिक्षकों की अस्थायी नियुक्ति की जाएगी। नियमित शिक्षकों की नियुक्ति होने तक विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए यह व्यवस्था की जा रही है। विद्यालय में कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए निम्न विषयों के सहायक शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। मराठी/सामाजिक विज्ञान के लिए 1 पद, अंग्रेजी/हिंदी के लिए 1 पद तथा गणित/विज्ञान के लिए 1 पद रिक्त है। मराठी/सामाजिक विज्ञान एवं अंग्रेजी/हिंदी विषयों के लिए बी.ए./एम.ए. के साथ डी.एड. अथवा बी.एड. शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य है। गणित/विज्ञान विषय के लिए बी.एससी./ एम.एससी. के साथ डी.एड./ बी.एड. तथा एम.एस-सीआईटी उत्तीर्ण होना आवश्यक रहेगा। इच्छुक एवं प्रशिक्षित अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उम्मीदवार अपने आवेदन सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित शासकीय आवासीय विद्यालय के मुख्याध्यापक अथवा सहायक आयुक्त, समाज कल्याण कार्यालय, सामाजिक न्याय भवन, जिलाधिकारी कार्यालय के पीछे, पतंगा मैदान, गोंदिया में 22 जून 2026 तक जमा कर सकते हैं। अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

साक्षात्कार 23 जून 2026 को प्रातः 11 बजे क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले शासकीय छात्रावास, विठ्ठल-रुक्मिणी चौक, ताडगांव रोड, अर्जुनी मोरगांव में आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थियों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ स्वयं के खर्च पर उपस्थित होना होगा। अधिक जानकारी के लिए संबंधित आवासीय विद्यालय के मुख्याध्यापक अथवा सहायक आयुक्त, समाज कल्याण कार्यालय, सामाजिक न्याय भवन, पतंगा मैदान, गोंदिया से संपर्क किया जा सकता है। यह जानकारी सहायक आयुक्त, समाज कल्याण, गोंदिया द्वारा दी गई है।

# शहीदी का अमर संदेश: गुरु अर्जन देव जी के बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन..

## गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गोंदिया में श्रद्धा, सेवा और समर्पण के साथ मनाया गया शहीदी दिवस..



जगप्रेरणा आमगांव।

*सिख धर्म के पंचम गुरु एवं श्री गुरु नानक देव जी की पांचवीं ज्योति, श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गोंदिया में श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव से परिपूर्ण कार्यक्रम का*

आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरु साहिब के अद्वितीय बलिदान को याद करते हुए संगत ने उनके बताए सत्य, सेवा और समर्पण के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा परिसर में श्रद्धालुओं के लिए ठंडी छबील (शीतल जल सेवा) एवं छोले के प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई। हजारों श्रद्धालुओं ने सेवा का लाभ उठाते हुए गुरु साहिब के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि श्री गुरु अर्जन देव जी ने अत्याचारों के सामने कभी सत्य का मार्ग नहीं छोड़ा। उन्होंने अपने धैर्य, त्याग और अदम्य साहस से मानवता को सेवा, सहनशीलता और धर्मनिष्ठा का अमूल्य संदेश दिया। उनका बलिदान आज भी संपूर्ण समाज को अन्याय के विरुद्ध खड़े रहने और मानव कल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में गुरबाणी कीर्तन, अरदास तथा गुरु साहिब के जीवन और शहादत पर विशेष विचार गोष्ठी आयोजित की गई। संगत ने भाव-विभोर होकर गुरु वाणी का श्रवण किया तथा शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प व्यक्त किया।

गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की ओर से अध्यक्ष सरदार त्रिलोचन सिंह भाटिया एवं सचिव सरदार हरजीत सिंह जुनेजा ने उपस्थित संगत का आभार व्यक्त करते हुए सेवा कार्यों में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब का जीवन मानवता, प्रेम और त्याग का सर्वोच्च उदाहरण है, जिससे प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरणा लेनी चाहिए।

अंत में संगत ने गुरु घर के लंगर एवं प्रसाद का ग्रहण कर गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। श्रद्धा, सेवा और भाईचारे के वातावरण में संपन्न यह आयोजन गोंदिया की संगत के लिए अविस्मरणीय बन गया।

# योग स्वस्थ जीवन का आधार : दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल में योग जागरूकता एवं प्रसार गतिविधि पर संगोष्ठी संपन्न



जगप्रेरणा गोंदिया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के कार्मिक विभाग द्वारा आज दिनांक 18 जून 2026 को गुंजन सभागृह में 'योग जागरूकता एवं प्रसार गतिविधि' विषय पर एक विशेष संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रेल कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के मध्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री दीपक कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक, नागपुर थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से नियमित योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

संगोष्ठी में श्री मिलिंद गुप्ता, रीजनल डायरेक्टर फॉर योगा, आर्ट ऑफ लिविंग एवं आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित योग प्रशिक्षक ने योग के महत्व, उसके वैज्ञानिक आधार तथा दैनिक जीवन में योग के व्यावहारिक उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास, प्राणायाम एवं ध्यान न केवल तनाव को कम करते हैं, बल्कि कार्यक्षमता, एकाग्रता एवं सकारात्मक सोच को भी बढ़ाते हैं।

योग विशेषज्ञ द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम की विधियों का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम ने सभी उपस्थित जनों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, तनावमुक्त रहने तथा योग के माध्यम से जीवन में संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा प्रदान की। कार्मिक विभाग, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा आयोजित यह संगोष्ठी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा योग को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में एक सार्थक एवं प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुई।

गोंदिया में.. दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
आशीष वर्मा (प्र.सं.)
09329033433
संजीव बापट (शहर प्रतिनिधि)
09922607145
कार्यालय - सांई रोजगार, एनएमडी कॉलेज के पास, गोंदिया

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोंस की जांच
■ हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● तुमसर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# भंडारा–गोंदिया विधान परिषद चुनाव के लिये हुआ 100 प्रतिशत मतदान..



## 457 में से सभी 457 मतदाताओं के मतदान के उपरांत मतपेटियां वैनगंगा स्ट्रांग रूम में सुरक्षित, 22 जून को होगी मतगणना





जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र विधान परिषद के भंडारा-गोंदिया स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र की द्विवार्षिक चुनाव-2026 के लिए गुरुवार को हुए मतदान में उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। भंडारा और गोंदिया जिले के चार मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान***

संपन्न हुआ, जिसमें कुल 457 मतदाताओं में से सभी 457 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर शत-प्रतिशत मतदान का रिकॉर्ड बनाया। जिलाधिकारी एवं निर्वाचन निर्णय अधिकारी सावन कुमार के मार्गदर्शन में मतदान प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक संपन्न हुई। स्थानीय स्वशासन संस्थाओं के सदस्यों के लिए आयोजित इस निर्वाचन में सभी पात्र मतदाताओं की सहभागिता से प्रशासन ने संतोष व्यक्त किया है। मतदान केंद्रवार आंकड़ों के अनुसार, उपविभागीय अधिकारी कार्यालय भंडारा में 166 में से 166, उपविभागीय अधिकारी कार्यालय साकोली में 61 में से 61, जिलाधिकारी कार्यालय गोंदिया में 154 में से 154 तथा तहसील कार्यालय अर्जुनी मोरगांव में 76 में से 76 मतदाताओं ने मतदान किया।

कुल मतदान में 224 पुरुष और 233 महिला मतदाताओं ने भाग लिया। सभी मतदान केंद्रों पर 100 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सभी मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वैनगंगा स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए नायब तहसीलदार के नेतृत्व में विशेष सुरक्षा दल तैनात किया गया है।

उम्मीदवार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि आवश्यकता अनुसार स्ट्रांग रूम परिसर का निरीक्षण कर सकेंगे। निर्वाचन प्रशासन द्वारा पारदर्शिता एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इस निर्वाचन की मतगणना 22 जून को प्रातः 8 बजे से पुलिस बहुउद्देशीय सभागार में प्रारंभ होगी।

# दूध में मिलावट करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : अपर जिलाधिकारी अभिजीत घोरपड़े

जगप्रेरणा गोंदिया।

***जिले में दूध में मिलावट करने वालों के खिलाफअब प्रशासन सख्त रुख अपनाने जा रहा है। दूध उत्पादन, संग्रहण और बिक्री से जुड़े प्रतिष्ठानों में गंदगी अथवा नियमों की अनदेखी पाए जाने पर सीधे आपराधिक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि व्यापक जांच***

अभियान शुरू करने से पहले दूध व्यवसायियों, डेयरी संचालकों और होटल मालिकों का परामर्श एवं मार्गदर्शन किया जाएगा। इसके बाद भी नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश अपर जिलाधिकारी अभिजीत घोरपड़े ने जिला स्तरीय दूध मिलावट प्रतिबंधक समिति की बैठक में दिए। जिला प्रशासन द्वारा जिले के नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण दूध उपलब्ध कराने तथा दूध में मिलावट की प्रवृत्ति पर पूरी तरह अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई।

बैठक में दूध उत्पादकों, आपूर्तिकर्ताओं, डेयरी संचालकों तथा होटल व्यवसायियों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि नियमों का उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बताया गया कि बाजार में नकली और मिलावटी दूध की बढ़ती समस्या के कारण ईमानदारी से कार्य करने वाले दूध उत्पादक किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य नहीं मिल पाता, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। वहीं मिलावटी और अस्वच्छ दूध का सेवन नागरिकों, विशेषकर बच्चों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन रहा है।

## खरीद-बिक्री का रिकॉर्ड रखना होगा अनिवार्य

जिले के सभी निजी दूध संकलन केंद्रों तथा दुग्धजन्य पदार्थों के क्रय-विक्रय से जुड़े प्रतिष्ठानों को प्रतिदिन के लेन-देन का अधिकृत रिकॉर्ड रखना अनिवार्य होगा। खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (स्न्नस्स्न्नढ्ढ) के नियमों के अनुसार आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## स्वच्छता नियमों का पालन अनिवार्य

सभी डेयरियों, दूध संकलन केंद्रों, होटलों तथा दुग्ध उत्पाद निर्माण इकाइयों में खाद्य सुरक्षा कानून की अनुसूची-4 के अनुसार स्वच्छता बनाए रखना अनिवार्य किया गया है। निरीक्षण के दौरान गंदगी या नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस विभाग जुटाएगा गोपनीय जानकारी..

जिले में दूध मिलावट के संभावित केंद्रों की पहचान करने के लिए पुलिस विभाग को विशेष निर्देश दिए गए हैं। उपविभागीय पुलिस अधिकारियों के माध्यम से मिलावट से संबंधित गोपनीय सूचनाएं एकत्र की जाएंगी, ताकि दोषियों के खिलाफप्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## पहले परामर्श, फिर विशेष जांच अभियान

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सीधे कार्रवाई से पहले सभी संबंधित पक्षों को नियमों की जानकारी देने और सुधार का अवसर प्रदान किया जाएगा। इसके लिए दूध उत्पादकों, आपूर्तिकर्ताओं, डेयरी संचालकों, दुग्ध उत्पाद निर्माताओं तथा होटल व्यवसायियों की विशेष परामर्श बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें उन्हें कानून और नियमों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

परामर्श बैठक के बाद पूरे जिले में बिना पूर्व सूचना के विभिन्न विभागों के संयुक्त समन्वय से व्यापक जांच अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान मिलावट या अन्य अनियमितताओं में दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सीधे आपराधिक मामले दर्ज किए जाएंगे। बैठक में शासकीय दुग्ध योजना के दुग्धशाला प्रबंधक प्रशांत बोरसे, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की सहायक आयुक्त (खाद्य) अमृता शिर्के, उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोहिणी बानकर तथा विधिक मापन विज्ञान विभाग के प्रतिनिधि संजय कांबले उपस्थित थे।

### स्मार्ट मीटर लगाने की ताबड़तोड़ प्रक्रिया पर रोक लगाने

# गोंदिया जिला व्यापारी एसोसिएशन ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले के व्यापारियों की संस्था 'गोंदिया जिला व्यापारी एसोसिएशन' ने वर्तमान समय में पूरे महाराष्ट्र में विद्युत के स्मार्ट मीटर जबरन लगाए जाने के विरोध में जबरदस्त व्याप्त जनाक्रोश के निराकरण के लिए पहल***

करते हुए प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एवं मुख्यमंत्री, प्रमुख प्रबंध निदेशक महावितरण, मुख्य अभियन्ता महावितरण के नाम जिलाधिकारी मंगेश गोंदावले के माध्यम से ज्ञापन सौंपा और स्मार्ट मीटर लगाने की ताबड़तोड़ प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के उपरांत एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय जैन (लाडली) ने बताया कि विद्युत मीटर के संदर्भ में हमने विधायक विनोद जी अग्रवाल से भी चर्चा की है। उन्होंने भी इस विषय पर त्वरित संबंधित अधिकारियों से बात करते हुए इस जबरदस्ती की प्रक्रिया पर अविराम रोक लगाते हुए सर्वप्रथम विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों के लिए इसका कैम्प लेकर डेमोंस्ट्रेशन करके प्रायोगिक रूप से प्रक्रिया समझाकर, विश्वास बनने के बाद ही स्मार्ट मीटर लगाने की पहल करने की बात कही।


उपभोक्ताओं को संतुष्टि प्रदान किये बिना स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को तत्काल रोकना चाहिए तथा इस आशय का पत्र मुख्यमंत्री एवं प्रमुख अभियंता महावितरण को पत्र भेजा गया है। संजय जैन ने आगे बताया कि जिलाधिकारी मंगेश गोंदावले ने ज्ञापन लेकर आश्वास्त किया कि नागरिकों के मन में व्याप्त भय को खत्म करने के लिए वे प्रशासन तक एसोसिएशन की बात पहुंचाएंगे। पश्चात असोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने प्रमुख अधिक्षक महा.राज्य विधुत मंडल सुहास रंगारी को इस आशय का ज्ञापन सौपा, तथा इस समस्या का निराकरण पूछा। श्री रंगारी ने एसोसिएशन की मांग को मानते हुए, नागरिकों के लिए, विभिन्न शिविर आयोजित करके पुराने तथा नये मीटर के सभी फीचर खूबीयां बताते हुए, यह स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए ज्यादा लाभप्रद रहेग, ऐसा विस्तारपूर्वक प्रमाणित करके दिखाने की बात कही, तभी नये मीटर लगाये जाने का आश्वासन दिया। श्री रंगारी ने व्यापारी एसोसिएशन को बताया कि विद्युत का उपयोग करने के बाद में उपभोक्ताओं को बिल भरना होगा, तथा किसी भी प्रकार से उपयोग के पहले प्री पेड भुगतान नही लिया जा रहा है।

## यह रहे उपस्थित..

'गोंदिया जिला व्यापारी एसोसिएशन' की ओर से सौंपे गए ज्ञापन के दौरान प्रमुख रुप से अध्यक्ष संजय जैन, सचिव राजेश्वर कनौजिया, महासचिव राजा इसरका, नारी चंदवानी, कोषाध्यक्ष महेंद्र खंडेलवाल, नरेंद्र चांदवानी, रवि मूंदड़ा, रवि लधानी, वीरेंद्रसिंग नागभिरे, महेश आहूजा, आनंद अग्रवाल, अजय जोशी, सुसेनजीत सहा (नंटू), संदीप जैन, जयपाल नुनानी, अशोक चौधरी, अवनेश मेहता, बलबीर सिंग सलूजा आदि अनेक व्यापारीयो ने योगदान दिया।

# निरोगी वृद्धावस्था के लिए करें योग, शामिल हों अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में..

## गोंदिया जिला प्रशासन ने की अपील..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***स्वस्थ और सशक्त वृद्धावस्था के लिए योग के महत्व को रेखांकित करने वाली थीम 'निरोगी वृद्धावस्था के लिए योग' के साथ इस वर्ष 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया जाएगा।***

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 21 जून को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। वर्ष 2015 से शुरू हुए इस वैश्विक अभियान को दुनिया भर में व्यापक समर्थन और सहभागिता प्राप्त हुई है। इस वर्ष रविवार, 21 जून 2026 को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से योग दिवस मनाया जाएगा।

गोंदिया जिले में भी इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर योग प्रदर्शन, सामूहिक योग सत्र तथा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में नगर परिषद, पंचायत समिति, ग्राम पंचायतें, विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, एनएसएस, एनसीसी, पुलिस विभाग, योग संस्थाएं तथा बड़ी संख्या में नागरिक भाग लेंगे। योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का प्रभावी माध्यम है।

विशेष रूप से वृद्धावस्था में योग स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा बनकर लोगों को सक्रिय, ऊर्जावान और स्वस्थ बनाए रखने में सहायक सिद्ध होता है।

जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में योग दिवस कार्यक्रमों में सहभागी बनने की अपील की है। साथ ही योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश भी दिया गया है।

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुध्द एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

## जाहिर सुचना

श्री रामअवतार हरद्वारीमल अग्रवाल इनके नाम से नगर परिषद रिकार्ड में नाम दर्ज है। जिसका वार्ड क्रमांक 11 वार्ड का नाम वर्धमान महावीर वार्ड, मालमत्ता क्रमांक 11/10 है। उक्त मालमत्ता धारक का निधन दिनांक :- 1/1/2026 को हो चुका है। इनके निधन उपरांत इनके वारस 1) मनोरमा रामअवतार अग्रवाल 2) सदीप रामअवतार अग्रवाल अस्थल रामअवतार अग्रवाल 4) स्वाती रामअवतार अग्रवाल 5) सौरभ रामअवतार अग्रवाल ने वारसान आधार पर हस्तांतरण हेतु आवेदन सादर किया है। हस्तांतरण पर आक्षेप हो तो यह सुचना प्रकाशित होने के पश्चात 15 दिन के भितर अपना आक्षेप इस कार्यालय में प्रमाणित दस्तावेज सहित सादर करेंगे। आक्षेप प्राप्त न होने पर हस्तांतरण की कार्यवाही की जायेगी।

मुख्य अधिकारी
नगर परिषद गोंदिया

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

अब जन जन और गांव गांव तक प्रचार प्रसार हेतु
मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व छत्तीसगढ में शहरी एवं ग्रामीण भागों तक पॉम्पलेट वितरण का एकमात्र सेंटर..
पॉम्पलेटवाला प्रकाशन
नोट - सिंगल कलर एवं मल्टी कलर पॉम्पलेट प्रिंटिंग कार्य भी किया जाता है।
संपर्क - पांपलेटवाला प्रकाशन, सांई रोजगार, एन.एम.डी. कॉलेज के बाजू में, गोंदिया मो. 9922607145

- सूचना -

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करें।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com